26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 10 नवम्बर, 2026
अंक- 16 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 20



सभी देशवासियों को गोवर्धन पूजा व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं

पूजा हॉस्पिटल
नजीबाबाद
विश्वसनीय इलाज | सुलभ खर्च | सभी के लिए

सखी
स्वास्थ्य सेवा
सखी वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा समर्थित

आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए
बिल्कुल मुफ्त
बेड चार्ज



सखी स्वास्थ्य सेवा
बेड चार्ज (वार्ड शुल्क) का सम्पूर्ण खर्च
सखी फाउंडेशन द्वारा वहन किया जाएगा।

इस उद्देश्य के लिए अस्पताल में
5 बेड आरक्षित किए गए हैं।

हर व्यक्ति को
सम्मानजनक और बेहतर इलाज का अधिकार
आर्थिक स्थिति किसी भी मरीज के इलाज में बाधा नहीं बननी चाहिए।

पात्र गरीब मरीजों के लिए बेड चार्ज बिल्कुल मुफ्त
आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की सहायता
गुणवतापूर्ण चिकित्सा सेवाएं मानवीय संवेदना के साथ
समाज के लिए हमारी प्रतिबद्धता पूजा हॉस्पिटल एवं सखी फाउंडेशन

महत्वपूर्ण जानकारी
• अन्य शल्य चिकित्सा (ऑपरेशन) सहित अन्य चिकित्सा सेवाएं भी रियायती (छूट) दरों पर उपलब्ध हैं।

पात्रता एवं सहायता संबंधी जानकारी
यह सुविधा पात्र (eligible) आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों के लिए अस्पताल द्वारा मूल्यांकन के बाद प्रदान की जाएगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमसे संपर्क करें।

7500102994 | 7906809890 | 9837829991

डॉ. संदीप अग्रवाल (निदेशक)
डॉ. राखी अग्रवाल (निदेशक)

सर्वाधिक लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की वर्षगांठ एवं गोवर्धन पूजा व भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं

मेहनत की माचिस से सफलता का धमाका



(SUCCESS celebration 2025 & 26)

10 MBBS (Government college)
4 JEE Mains (NIT/ GEC)
1 IISER
1 IIT Advanced
2 District Toppers
4 BHMS BAMS (Government college)
5 selections 12th appearing

VECTOR ACADEMY
NEET / IIT / XI / XII
Education with Direction

Near Sale Tax Office Adampur Road Bijnor 9045456780

आप सभी नगरवासियों, चिकित्सकों, चित्रांश परिवारों को



भगवान चित्रगुप्त जयंती
भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं





समृद्धि की कामना के साथ



डॉ. ए.के. सक्सेना
भूतपूर्व अनुदेशक
राजकीय होम्योपैथिक कॉलेज

डॉ. कुशाग्र सक्सेना

डॉ. करिश्मा सक्सेना
डाइटिशियन फिजियो और योग
सुभाष चौक, धामपुर

नीलम होम्योपैथिक क्लीनिक
कालागढ़ रोड, धामपुर (बिजनौर)

समस्त क्षेत्रवासियों को सांध्य दैनिक **चिंगारी** के स्थापना दिवस एवं गोवर्धन पूजा, भैयादूज व गंगा स्नान की



हार्दिक शुभकामनाएं

जय ट्रेडिंग कम्पनी

मण्डी मौलगंज, नगीना

प्रो. अमित जैन
(विक्की)

समस्त क्षेत्रवासियों को सांध्य दैनिक **चिंगारी** के स्थापना दिवस एवं गोवर्धन पूजा, भैयादूज व गंगा स्नान की

हार्दिक शुभकामनाएं

शितांशु अग्रवाल

अध्यक्ष- बर्फानी सेवा समिति, नगीना
व जिला सहसंयोजक- लघु उद्योग प्रकोष्ठ भाजपा (बिजनौर)



प्रतिष्ठान- किरन एंटरप्राइजेज
धामपुर रोड, गोयल पब्लिक स्कूल के सामने, नगीना

सभी को खुशियों एवं सुख समृद्धि के पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज और लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी की वर्षगांठ के अवसर पर

हार्दिक शुभकामनाएं



राधे सैनी
सभासद वार्ड नं 24
मोहल्ला अचारजान, शेरकोट

सभी नगरवासियों को रोशनी के पर्व

दीपावली, गोवर्धन पूजा
भैया दूज के शुभ अवसर पर

हार्दिक शुभकामनाएं





विपिन कुमार
पूर्व सभासद

श्रीमती ललिता
सभासद वार्ड नं 3

मौहल्ला फतेहनगर / चौधरियान, शेरकोट

आप सभी को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैया दूज एवं गंगास्नान के अवसर पर



हार्दिक शुभकामनाएं

ठाकुर संजय गहलौत
समाजसेवी
शेरकोट (बिजनौर)

अल्वी समाज विकास सोसायटी रजि. यूनिट बसेड़ा खुर्द, धामपुर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को दीपावली, गोवर्धन पूजा, भैयादूज की हार्दिक शुभकामनाएं



इमरान कादरी
तहसील अध्यक्ष



शाहरुख कादरी
उपाध्यक्ष



शाहनवाज कादरी
कार्यकारिणी सदस्य

समस्त क्षेत्रवासियों को चिंगारी के स्थापना दिवस एवं गोवर्धन पूजा, भैयादूज व गंगा स्नान की हार्दिक शुभकामनाएं

स्व. तुलाराम जी के बड़े बेटे की दुकान



स्व. लाला तुलराम जी

तुलाराम रेस्टोरेंट

स्टेशन रोड, नगीना

प्रो. टीकम चंद्र गुप्ता

ताजी मिठाइयों, स्पेशल गर्म चाय, समोसा व सुप्रसिद्ध रसगुल्ले की प्रतिष्ठित दुकान



26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

चिंगारी

बिजनौर : मंगलवार, 10 नवम्बर , 2026

शीघ्र आवश्यकता है

1. रेडिमेड कपड़े दिखाने हेतु सेल्समैन एवं सेल्स गर्ल्स की।
2. रेडिमेड कपड़ों के आल्ट्रेशन हेतु टेलर की।

अनुभवी युवक एवं युवतियों को प्राथमिकता ।
वेतन योग्यता के अनुसार

लक्ष्मी गारमेन्ट्स

निकट लखपतराय पाठशाला, भगत सिंह चौक,
धामपुर, मो. 9897912244

यूपी विधानसभा चुनाव के लिए योगी ने 209 कैंडिडेट की सूची दिल्ली भेजी



बीजेपी की लिस्ट पर काम तेज

लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी विधानसभा चुनाव के लिए सीएम योगी के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। पिछले लोकसभा और एमएलसी चुनाव से सीख लेते हुए भाजपा ने प्रत्याशियों के चयन की प्रक्रिया में पहला और बड़ा कदम बढ़ा दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 209 उम्मीदवारों की एक सूची दिल्ली में केंद्रीय आलाकमान को भेज दी है। कहा जा रहा है कि टीम योगी के फीडबैक, आंतरिक सर्वे और गहन मंथन के बाद इस सूची को तैयार किया गया है। 403 विधानसभा सीटों वाले यूपी में बहुमत हासिल करने के लिए 202 सीटों की जरूरत होती है। ऐसे में कहा जा सकता है कि आधे से ज्यादा प्रत्याशियों के नाम लगभग तय हो गए हैं। सीएम योगी की तरफ से इन प्रत्याशियों की जीत का पूरा भरोसा दिलाया गया है। सीएम योगी ने अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में ग्राउंड फीडबैक लेने के बाद इस सूची को फाइनल किया है। मुख्यमंत्री का जो अपना फीडबैक सिस्टम है, उसी आधार पर यह नाम तय किए गए हैं। यह ऐसे नाम हैं जिन पर सीएम योगी को जीत का पूरा भरोसा है। कहा जा रहा है कि ग्राउंड फीडबैक और लोकल समीकरण को ध्यान में रखते हुए प्रत्याशियों का नाम फाइनल किया गया है।

कैसे तैयार हुई सूची

सीएम योगी का अपना फीडबैक सिस्टम है। सरकार के मुखिया होने के नाते उनके पास तमाम रिपोर्ट रहती हैं। एजेंसियों और प्रदेश में लगातार दौरों के दौरान नेताओं से मुलाकात में वहां के समीकरण मिलते रहते हैं। इन सारी बातों के आधार पर यह सूची बनाई गई है। अगर कोई सिटिंग विधायक है तो क्या उसके खिलाफ एंटी इनकंबेंसी है। अगर है तो उसकी जगह कौन हो सकता है? नये प्रत्याशी का पब्लिक कनेक्ट कैसा है? उसे टिकट दिया गया तो स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं की प्रतिक्रिया कैसी हो सकती है? जाति समीकरण कैसा है। इसके साथ ही मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के कैंडिडेट कौन आ सकता है, इसका भी हिसाब रखा गया है। 2024 के लोकसभा चुनाव और हाल में हुए एमएलसी चुनाव में खराब प्रदर्शन के पीछे प्रत्याशियों के चयन में देरी को भी एक कारण माना जा रहा है। लोकसभा चुनाव के बाद यह बात सामने आई थी कि कैंडिडेट सिलेक्शन ठीक नहीं था। यह भी कहा गया कि राज्य और केंद्र के नेताओं में प्रत्याशियों को लेकर सामंजस्य नहीं था। ऐसी स्थितियों से बचने के लिए ही इस बार पहले से सूची बनाकर सामंजस्य स्थापित करने की कोशिश शुरू हो गई है।

सनातन तीर्थाटन की वैश्विक राजधानी बनेगी अयोध्या

अखिलेश यादव बोले- तेल के साथ घी भी देंगे



लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने राम नगरी अयोध्या को लेकर चुनावी वादों की झड़ी लगा दी है। सोमवार को दीपोत्सव के बाद तेल बटोरते लोगों का वीडियो शेयर कर मुफ्त राशन में तेल भी देने का वादा करने के बाद अब घी भी देने की घोषणा की है। कहा कि अयोध्या राम मंदिर के दान में हुई चोरी से लगी चोट को दुरुस्त करने के लिए कई काम किए जाएंगे। चोरी के बाद कम हो रहे श्रद्धालुओं के कारण कारोबारियों को हो रहे नुकसान को कम करने के लिए कई काम किए जाएंगे। सोमवार की रात एआई से बने अयोध्या के दीपोत्सव का वीडियो शेयर करते हुए अखिलेश ने एक्स पर लिखा कि अयोध्या नगरी के मान-सम्मान की पुनर्स्थापना के लिए हम वचनबद्ध हैं। राम-मंदिर की चोरी से आहत होकर जिस प्रकार अयोध्या आने वाले आस्थावान और श्रद्धालु दिन-प्रतिदिन कम होते जा रहे हैं, जिसका सीधा असर यहां की स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ा है, हम उसे सुधारेंगे भी और संवारेंगे भी। अयोध्या के मंदिर को पारदर्शी व्यवस्था देकर विश्वास की भी पुनर्स्थापना करेंगे। इसे वर्ल्ड-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर देकर हम अयोध्या को सनातन तीर्थाटन की वैश्विक राजधानी बनाएंगे। अखिलेश ने कहा कि हम एक ऐसी अयोध्या बनाएंगे, जहां कोई भी अहंकारी, तेल बटोरती किसी गरीब स्त्री या बच्चे-बच्ची को बेंत मारकर बेइज़्ज़त और उत्पीड़ित नहीं करेगा। हम सरकार में आकर राशन में 'तेल-घी' भी देकर शरीर की पौष्टिक आवश्यकताओं को पूरा करेंगे।

सभी जनपदवासियों को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकानमाएं

तुरंत आवश्यकता युवक की आकर्षक वेतन योग्यतानुसार।

गीजर ही गीजर

सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज





हमारे यहां एलईडी बल्ब, वायर, पंखे, स्विच, शोकिट, गीजर, प्रेस, मिक्सी एवं सभी प्रकार के बिजली फिटिंग का सामान थोक मूल्य पर मिलता है।









सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर मो. 9897024836, 8800092476



वेक्टर अकेडमी के विद्यार्थियों ने मनायी सिलेक्शन वाली दिवाली

अभिभावकों की आंखों में दिखे खुशी के आंसू



बिजनौर (चिंगारी)। धनतेरस के शुभ अवसर पर वेक्टर अकेडमी ने 2025 और 26 मेडिकल एवं इंजीनियरिंग परीक्षा में सफल होने वाले और बोर्ड टॉपर्स कुल चौबीस विद्यार्थियों को कैश प्राइस एवं ट्रॉफी देकर अभिभावकों के साथ सम्मानित किया। इन विद्यार्थियों में 10 ने एमबीबीएस सरकारी कॉलेज में एडमिशन लिया। 4 विद्यार्थी जेई मेंस के जरिए एनआईटी और सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज के लिए चयनित हुए। एक चयन सरकारी रिसर्च सेंटर और एक को आईआईटी एडवांस 619 ऑल इंडिया रैंक मिली। 2 जिला 12th board टॉपर, 2 school topper एवं 4 को होमियोपैथी और आयुर्वेदिक सरकारी संस्थान प्राप्त हुए। इन कुल चौबीस छात्रों में पांच छात्र ऐसे थे, जिन्होंने प्रतियोगी परीक्षा में बारहवीं के साथ ही स्थान प्राप्त किया और सरकारी कॉलेज तक पहुंचे।


तुषार, गरिमा, नव्या, नीतिशा, अनु, उदित राज, हिमांशी, दिव्यांशी, दिशा, समीरा, अफ़ीरा, हया, संस्कृति तोमर, रक्ष वर्धन, अनुष्का सिंह, विधान,पूर्वांश, तन्वी भटनागर, भूमिका, दक्षिता, दीक्षा गुप्ता, हर्षिता और मानसी इन सभी 24 विद्यार्थियों को कैश प्राइस एवं ट्रॉफी दी गई और उज्जवल भविष्य के लिए प्रोत्साहित किया गया। इनमें कुछ विद्यार्थी अभी कॉलेज से दिवाली के लिए घर नहीं पहुंच सके हैं, उनके स्थान पर उनके अभिभावकों ने ट्रॉफी की प्राप्त की। बच्चों की सफलता पर अभिभावक बहुत ही खुश हैं और उन्होंने बताया कि धनतेरस के अवसर पर इन बच्चों की सफलता ही हमारे लिए दिवाली का धन है। इस अवसर पर संस्थान के डायरेक्टर अंकित त्यागी ने मंच का कुशल संचालन किया। कल्पना त्यागी केमिस्ट्री टीचर, मोहित कुमार बायोलॉजी टीचर, नेहा चौधरी, संस्थान के मैनेजर आशीष चौधरी उपस्थित रहे।

मेहनत के दीपक से सफलता का धमाका- वेक्टर अकेडमी

इनकी उपस्थिति उल्लेखनीय रही

इस अवसर पर अभिभावकों के आलवा शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित हुए। स्काई कोचिंग सेंटर के संचालक विकास सर, ओसीआई कोचिंग सेंटर के संचालक कृष्णा, सिटी हॉस्पिटल प्रबंधक ओमेंदार त्यागी, युवा व्यापारी रविराज खन्ना, मशहूर होमियोपैथ डॉक्टर नवनेश कोठारी, पत्रकार डॉ. भारद्वाज, गणित के शिक्षक गजेंद्र सिंह, आधार कोचिंग डायरेक्टर नवनीत शर्मा ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

यूक्रेन युद्ध खत्म कराने को भारत पूरी तरह तैयार



नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत की। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि राष्ट्रपति जेलेंस्की ने मौजूदा संघर्ष से जुड़े हालिया घटनाक्रमों पर प्रधानमंत्री मोदी को अपने रुख से अवगत कराया। इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति से कहा कि भारत मौजूदा संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान के लिए सभी प्रयासों में योगदान देने को तैयार है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि जेलेंस्की के साथ बातचीत में, प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का रुख दोहराया कि संघर्ष को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए। इसके अलावा पीएम मोदी और जेलेंस्की ने परस्पर लाभ के लिए अलग-अलग क्षेत्र में भारत-यूक्रेन सहयोग को और मजबूत करने के प्रयासों पर चर्चा की। एक्स पर एक पोस्ट में, जेलेंस्की ने कहा कि उन्होंने पीएम मोदी को नवीनतम कूटनीतिक घटनाओं और अबू धाबी में होने वाली बैठक की तैयारी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने रूस से भी संघर्ष को कम करने की समान इच्छा दिखाने की अपील की, साथ ही कहा कि मोदी ने बार-बार युद्ध को समाप्त करने की जरूरत पर जोर दिया। अमेरिका 10-11 नवंबर को अबू धाबी में यूक्रेन और रूस के प्रतिनिधिमंडलों को एक साथ लाने की योजना बना रहा है। ताकि मॉस्को के यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को समाप्त करने, युद्ध के बाद सुरक्षा समझौतों और तनाव घटाने पर चर्चा की जा सके।

ब्रांडेड कंपनी के पटाखों ने दिया धोखा, तीन लोग झुलसे

अनार व चकरी चलाते समय हुआ हादसा



नगीना (चिंगारी)। दीपावली पर्व पर आतिशबाजी के दौरान ब्रांडेड कंपनी के पटाखों में खराबी के चलते अलग-अलग घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। घायलों में एक पुलिसकर्मी और 12 वर्षीय छात्र भी शामिल हैं। तीनों को उपचार के लिए नगीना के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगीना के मोहल्ला लाल सराय में तैनात सिपाही प्रेम कुमार दीपावली के अवसर पर अनार जला रहे थे। इसी दौरान अनार में अचानक खराबी आने से वह फट गया, जिसकी चपेट में आने से सिपाही प्रेम कुमार झुलसकर घायल हो गए। वहीं, पास में खड़े रुद्राक्ष का हाथ भी झुलस गया। दूसरी घटना में मोहल्ला गंगानगर निवासी पत्रकार नंदकिशोर का 12 वर्षीय पुत्र भव्य भी चकरी चलाते हुए पटाखे से झुलसकर घायल हो गया। पटाखे में खराबी के चलते यह हादसा हुआ। तीनों घायलों को परिजनों द्वारा नगीना के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार कराया गया। इन घटनाओं ने दीपावली पर पटाखों की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल खड़े कर दिये हैं।





हल्दौर की 'वृंदा' ने पशु मेले में प्राप्त किया प्रथम स्थान

बिजनौर (चिंगारी)। हल्दौर कस्बे की मात्र 22 माह की शुद्ध मुर्रा नस्ल की कटड़ी 'वृंदा' ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित पशु मेले में अपनी असाधारण सुंदरता और उत्कृष्ट नस्लीय विशेषताओं के दम पर प्रथम स्थान प्राप्त कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। गत् दिनों सरदार पटेल विश्वविद्यालय, मेरठ में आयोजित सरदार वल्लभभाई पटेल एवं कृषि अनुसंधान पशु मेला प्रतियोगिता में वृंदा ने सुंदरता एवं उत्कृष्ट मुर्रा नस्ल की श्रेणी में ऑल इंडिया स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी श्रेष्ठता साबित की। यह पशु मेला एवं प्रतियोगिता प्रत्येक वर्ष आयोजित की जाती है, जिसमें उत्कृष्ट नस्ल के पशु अपनी विशेषताओं के आधार पर प्रतिभाग करते हैं।




वंशावली और प्राकृतिक सुंदरता है वृंदा की सबसे बड़ी पहचान

वृंदा के मालिक रामदर्शन कालोनी हल्दौर निवासी श्री प्रमोद सिंह खोड के अनुसार, वृंदा शुद्ध मुर्रा नस्ल की कटड़ी है और इसकी ब्लड लाइन प्रसिद्ध अर्जुन कुंगड़ बुल से जुड़ी हुई है। इसकी मातृ वंशावली भी बेहद उत्कृष्ट रही है। वृंदा की मां गंगा ने 21 लीटर दूध उत्पादन का रिकॉर्ड बनाया है, जबकि इसकी नानी ने 26 लीटर दूध उत्पादन का रिकॉर्ड स्थापित किया है।

हमारी सख्त निर्वासन नीतियां रिपब्लिकन पार्टी की हार का हो सकती हैं कारण- ट्रंप

वाशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने स्वीकार किया है कि उनकी सख्त निर्वासन नीतियां बहुत कठोर रही होंगी, जिसकी वजह से मध्यावधि चुनावों में रिपब्लिकन पार्टी को ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ा।

उन्होंने इसके साथ ही संकेत दिया कि वे आव्रजन के मुद्दे पर अब थोड़ा नरम रुख अपना सकते हैं। उनसे रविवार को बातचीत में पूछा गया कि क्या आव्रजन के खिलाफ उनकी सख्त कार्रवाई की वजह से रिपब्लिकन पार्टी को वोटों का नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि इससे फायदा भी हुआ और नुकसान भी। उन्होंने दावा किया कि अमेरिकी सीमा को सुरक्षित करने और उनके शब्दों में खतरनाक लोगों को देश से बाहर निकालने के लिए उन्हें ए प्लस मिलना चाहिए। उन्होंने माना कि प्रशासन ने ऐसे लोगों को भी देश से बाहर निकाला, जो नौकरी कर रहे थे और कई सालों से देश में रह रहे थे, लेकिन उन्होंने अवैध रूप से अमेरिका में प्रवेश करने का अपराध किया था। श्री ट्रंप ने कहा, देश का एक बड़ा हिस्सा मानता है कि ऐसे लोगों को बाहर निकाल दिया जाना चाहिए। वहीं, देश का एक बड़ा हिस्सा यह भी मानता है कि अगर वे अच्छे लोग हैं, जैसे कि कोई लैंडस्केपिंग कंपनी में या होटल में या काम कर रहा है, तो उन्हें यहीं रहने दिया जाना चाहिए। कुछ मामलों में तो वे टैक्स भी दे रहे हैं।



राष्ट्रपति ने बाद में अपने रुख को बहुत कठोर बताया और कहा कि वे अगली कांग्रेस (संसद) में अन्य दलों के साथ मिलकर काम करने के इच्छुक हैं, जहां डेमोक्रेट्स का दोनों सदनों पर नियंत्रण होगा। आव्रजन के मुद्दे पर कट्टर विचार रखने वाले अपने लंबे समय के सलाहकार स्टीफन मिलर को व्हाइट हाउस का चीफ ऑफ स्टाफ नियुक्त करने के उनके हालिया फैसले ने यह सवाल खड़ा कर दिया है कि क्या प्रशासन वास्तव में अपना रुख नरम करना चाहता है। नॉर्थ कैरोलिना से रिपब्लिकन सीनेटर थॉम टिलिस ने श्री ट्रंप से इस नियुक्ति पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। सीएनएन से बातचीत में श्री टिलिस ने कहा, यह एक बहुत बड़ी गलती है। मंगलवार को हमें जो करारी हार मिली है, उसके 72 घंटे बाद हमें इसकी सबसे कम जरूरत थी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति को इस फैसले पर फिर से सोचने की जरूरत है। लोगों को देश से बाहर निकालना ट्रंप प्रशासन की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक रहा है, लेकिन ऐसा लगता है कि अब यह नीति उनके लिए एक राजनीतिक बोझ बन गई है। द हिल की रिपोर्ट के अनुसार एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के जुलाई के एक सर्वेक्षण में पाया गया कि 39 प्रतिशत लोगों ने आव्रजन के मामलों को संभालने के प्रशासन के तरीके का समर्थन किया। यह आंकड़ा उनके दूसरे कार्यकाल की शुरुआत की तुलना में 10 प्रतिशत अंक कम है।

कबाड़ के निपटान से रेलवे ने अर्जित किये 628.49 करोड़ रुपये

नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। रेलवे ने दो अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चले विशेष अभियान छह के दौरान कबाड़ के निपटान से 628.49 करोड़ रुपये की आय अर्जित की, जो 600 करोड़ रुपये के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है। रेलवे ने सोमवार को बताया कि इस अभियान के दौरान स्वच्छता, कबाड़ के निपटान, इलेक्ट्रॉनिक कचरे के प्रबंधन, स्थान प्रबंधन, अभिलेख प्रबंधन और लंबित मामलों के समयबद्ध निपटान के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। इस दौरान एक लाख से अधिक सफाई अभियान चलाये और 5,884 रेलवे स्टेशनों पर रेल जनसंवाद आयोजित कर नागरिकों से रेल सेवाओं के बारे में उनकी राय जानी गयी। रेलवे के अनुसार सभी क्षेत्रीय रेलवे, मंडलों, उत्पादन इकाइयों, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और अन्य रेलवे प्रतिष्ठानों में विशेष अभियान 6 सफलतापूर्वक पूरा किया। इस अभियान के माध्यम से कबाड़, पुराने अनुपयोगी सामान और अन्य अनावश्यक वस्तुओं को हटाकर 6,20,121 वर्ग फुट जगह खाली कराई गई। इस वर्ष के अभियान में विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक कचरे का प्रभावी संग्रह, पृथक्करण और निपटान पर जोर दिया गया, जो अभियान का प्रमुख केंद्र रहा। जिम्मेदार कचरा प्रबंधन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए 1.50 लाख से अधिक इलेक्ट्रॉनिक कचरे की इकाइयों का निपटान किया गया। इससे 10.43 करोड़ रुपये की आय अर्जित हुई। इसके अलावा, रेलवे ने पुरानी भौतिक और इलेक्ट्रॉनिक फाइलों की व्यापक समीक्षा, जन शिकायतों और अपीलों, संसद से संबंधित आश्वासनों, विशिष्ट व्यक्तियों से प्राप्त संदर्भों और अन्य लंबित मामलों के निपटान सहित विभिन्न गतिविधियां भी संचालित कीं।

सभी को रोशनी के त्यौहार
दीपावली, भैयादूज की
हार्दिक शुभकामनाएं/
दिली मुबारकबाद
मौ. हमजा
(चिंगारी वाला)
शेरकोट



शेरकोट में लोकप्रिय सांध्य दैनिक चिंगारी
प्राप्त करने के लिए नंबर मिलाएं
9286240590



भली लगे या बुरी...

प्रदूषित नदियां, सरकार और समाज

पिछले साल दिल्ली चुनाव के समय यमुना का प्रदूषण एक बड़ा मुद्दा बन गया था। भाजपा इस सवाल पर चुनाव जीती भी, लेकिन आज फिर वही स्थिति है। अंतर यह है कि तब भाजपा और भाजपा समर्थित मीडिया ने यमुना में प्रदूषण को लेकर खूब हल्ला मचाया था, लेकिन आज सन्नाटा है। यमुना ही नहीं, गंगा सहित देश की सभी नदियों में जबरदस्त प्रदूषण हैं। उद्योगों के कचरे से लेकर नगरों व महानगरों का मल-मूत्र सब नदियों में बहाया जा रहा है। धर्म के नाम पर भी नदियों को प्रदूषित किया जाता है। अज्ञानता और अंधविश्वास भी नदियों के प्रदूषण का एक बड़ा कारण है। बहरहाल, जब तक सरकारों के साथ-साथ आम जनता भी जागरूक नहीं होगी और नदियों को लेकर हमारी मानसिकता नहीं बदलेगी, तब तक प्रदूषण का सिलसिला थमने वाला नहीं है। नदियों की स्थिति यह है कि उनके स्नान स्थल तक गंदगी से अटे रहते हैं। गंगा में स्नान करने वाले लोग जिन्हें श्रद्धालु कहा जाता है, तमाम गंदगी गंगा के हवाले करके पाप धुलने का भ्रम पालते हैं।

नदियों में प्रदूषण के अनेक कारणों में एक बड़ा कारण धार्मिकता का व्यावसायीकरण होना भी है। अब यह करोड़ों का व्यवसाय भी है। पिछले दिनों जब गंगा की सफाई के बारे में उच्चतम न्यायालय की तीखी प्रतिक्रिया के बाद दायर हलफनामे में सरकार ने नदी की स्वच्छता के संबंध में अल्पावधि, मध्यम अवधि और दीर्घावधि उपायों का खाका शीर्ष अदालत के समक्ष पेश किया तो सरकारी रिपोर्ट में कहा गया है कि गंगा की सफाई के लिए हजारों करोड़ रुपये खर्च होंगे और इसमें करीब अठारह साल लगेंगे। सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि गंगा किनारे के 118 शहरों की पहचान सुनिश्चित की गई है, जिसके तहत सबसे पहले सैनिटेशन, वॉटर वेस्ट ट्रीटमेंट और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट बेहतर किया जाएगा। सरकार द्वारा गंगा की सफाई के लिए चरणबद्ध योजना तैयार की गई है। अल्पावधि उपायों के लिए तीन साल, मध्यम अवधि के लिए उसके बाद पांच साल और दीर्घावधि के लिए 10 साल व उससे आगे की समय-सीमा तय की गई है। मौजूदा परियोजनाओं को पूरा करने के लिए समय सीमा गंगा बेसिन में बसे पांच राज्यों के साथ विचार-विमर्श के बाद तैयार की गई है। ये राज्य 2500 किलोमीटर लंबी गंगा सफाई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए प्राथमिक रूप से जिम्मेदार हैं।

भाई दूज

तिलक से संकल्प तक संबंधों की संस्कृति!

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल तिथि और अनुष्ठान नहीं, बल्कि वे जीवन-मूल्यों की ऐसी जीवंत अभिव्यक्तियां हैं, जो पीढ़ियों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ती हैं।

दीपावली के प्रकाश-पर्व के पश्चात आने वाला भाई दूज भाई-बहन के स्नेह, विश्वास, सम्मान और मंगलकामना का आत्मीय उत्सव है। यह पर्व हमें स्मरण कराता है कि रिश्ते केवल रक्त-संबंधों से नहीं, बल्कि संवेदना, उत्तरदायित्व और जीवनपर्यंत साथ निभाने की निष्ठा से सार्थक होते हैं।



भाई दूज की धार्मिक परंपरा यम और यमुना की कथा से जुड़ी है। लोकमान्यता है कि यमुना ने अपने भाई यमराज का स्नेहपूर्वक स्वागत कर उनका आतिथ्य किया और उनके मंगल की कामना की। इसी स्मृति से तिलक और सत्कार की परंपरा का संबंध स्थापित होता है। कथा का मूल संदेश किसी एक प्रसंग तक सीमित नहीं, बल्कि भारतीय जीवन-दृष्टि में निहित उस भाव को व्यक्त करता है, जहां संबंधों में प्रेम के साथ कर्तव्य और शुभेच्छा भी जुड़ी होती है।

बदलते सामाजिक परिवेश में भाई दूज का महत्व और बढ़ गया है। संयुक्त परिवारों का स्थान छोटे परिवारों ने लिया है, जीवन की गति तेज हुई है और रोजगार तथा शिक्षा के कारण दूरियां भी बढ़ी हैं। डिजिटल माध्यमों ने संपर्क आसान अवश्य किया है, लेकिन आत्मीय संवाद का विकल्प नहीं बन पाए हैं। ऐसे में यह पर्व हमें ठहरकर अपने संबंधों को अनुभव करने और उन्हें समय, सम्मान तथा संवेदना देने की प्रेरणा देता है।

आज भाई-बहन का रिश्ता केवल पारंपरिक संरक्षण की अवधारणा तक सीमित नहीं होना चाहिए। यह समानता, सम्मान, सहयोग और पारस्परिक विश्वास पर आधारित संबंध है। बहन की मंगलकामना जितनी महत्वपूर्ण है, उतना ही महत्वपूर्ण भाई द्वारा बहन के स्वाभिमान, स्वतंत्रता और जीवन-निर्णयों का सम्मान करना भी है। यही परंपरा की आधुनिक और मानवीय व्याख्या है।

भाई दूज का तिलक केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि मंगल-संकल्प का सांस्कृतिक प्रतीक है। मस्तक पर लगाया गया तिलक शुभता और सद्बुद्धि की कामना करता है, किंतु इसकी सार्थकता तभी है, जब संकल्प व्यवहार में दिखाई दे। मतभेद हों, पर मनभेद न हों, दूरी हो, पर संवाद न टूटे, परिस्थितियां बदलें, पर सम्मान स्थिर रहे-यही रिश्तों की वास्तविक परीक्षा है।

भाई-बहन का आत्मीय संबंध व्यक्ति को भावनात्मक सुरक्षा, अपनत्व और स्वीकार्यता का अनुभव कराता है। जीवन के संघर्षों में एक विश्वसनीय पारिवारिक संबंध मानसिक संबल प्रदान करता है। परस्पर संवाद, स्मृतियों का आदान-प्रदान और एक-दूसरे की उपलब्धियों में सहभागिता सकारात्मक भावनाओं को सुदृढ़ करती है। यह पर्व रिश्तों में छिपे विश्वास को पुनर्जीवित करने और भावनात्मक निकटता को अभिव्यक्त करने का अवसर है।

ऐसे पर्व परिवार और समाज में संवाद, सहभागिता और भावनात्मक जुड़ाव के अवसर प्रदान करते हैं। भारतीय परंपरा की विशेषता यही है कि उसका उत्सव व्यक्ति से परिवार और परिवार से समाज तक विस्तृत होता है। अत: भाई दूज केवल अपने भाई या बहन के प्रति स्नेह व्यक्त करने का अवसर नहीं, बल्कि सहयोग, संवेदना और सामाजिक सद्भाव को व्यापक बनाने का संदेश भी है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम पर्व की बाहरी भव्यता से अधिक उसके अंतर्निहित मूल्यों को महत्व दें। मिठाई और उपहार क्षणिक प्रसन्नता दे सकते हैं, किंतु विश्वास, सम्मान और साथ निभाने का संकल्प संबंधों को स्थायी ऊष्मा प्रदान करता है।

भाई दूज का वास्तविक प्रकाश वही है, जो दीपक से आगे बढ़कर संबंधों के अंतर्मन में उजाला करे- स्नेह को संस्कार, भावना को उत्तरदायित्व और परंपरा को जीवन-मूल्य में रूपांतरित करे।



भाई-बहन का स्नेह अक्षय रहे, विश्वास अटूट रहे और संस्कारों की यह ज्योति पीढ़ी-दर-पीढ़ी आलोकित होती रहे।

▶▶ प्रकाश पंकज
शिक्षक, हल्दौर

भैयादूज/यम द्वितीया/भगवान चित्रगुप्त जयंती (11 नवम्बर)



श्री विमल जैन



भारतीय संस्कृति में भैयादूज का पर्व भाई-बहन के सम्बन्ध को अटूट व रिश्ते को मजबूत बनाने के लिए रखा जाता है। वर्ष में दो बार भाई-बहन के रिश्ते का पर्व मनाया जाता है, पहला- रक्षाबन्धन, श्रावण शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि को तथा द्वितीय कार्तिक मास के शुक्लपक्ष की द्वितीया तिथि को। प्रख्यात ज्योतिषविद श्री विमल जैन ने बताया कि दीपोत्सव का पंचम व अन्तिम पर्व भैयादूज के रूप में मनाया जाता है। भैयादूज के दिन बहन के घर भाई को जाकर भोजन करने से लक्ष्मी की प्राप्ति के साथ ही सुख-समृद्धि का सुयोग बनता है।। कार्तिक शुक्ल द्वितीया तिथि को यम का पूजन किया जाता है, जिसे यम द्वितीया भी कहते हैं। 11 नवम्बर, बुधवार को यह पर्व मनाया जायेगा। श्री विमल जैन ने बताया कि इस बार द्वितीया तिथि आज 10 नवम्बर, मंगलवार को दिन में 2 बजकर 01 मिनट से 11 नवम्बर, बुधवार को दिन में 3 बजकर 54 मिनट तक रहेगी। भैयादूज के दिन भाई-बहन के घर जाकर उसके हाथ से बना भोजन ग्रहण करता है। बहनें रीति-रिवाज के मुताबिक अपने भाइयों को टीका लगाकर उनके दीर्घायु व शुभ मंगल की कामना करती हैं। उसे भगवती लक्ष्मी जी की कृपा से सुख-समृद्धि, खुशहाली प्राप्त होती है। भाई भी बहन को उपहार प्रदान करते हैं। आज के दिन भगवान चित्रगुप्त जी एवं कलम दवात की भी पूजा-अर्चना की जाती है।

घर से भागी हुई लड़कियों के सौदागर गिरफ़्तार

14 दिन पूर्व भगाई गई युवती बरामद

बिजनौर/नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद पुलिस ने घर से भागी हुई व पारिवारिक कलह से परेशान युवतियों व महिलाओं को बहला-फुसलाकर बेचने वाले एक अंतर्राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने 14 दिन पूर्व भगाई गई एक युवती को सकुशल बरामद करते हुए तीन महिलाओं समेत कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस लाइन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एएसपी देहात गौतम राय ने बताया कि 26 अक्टूबर को एक व्यक्ति ने नजीबाबाद थाने में तहरीर देकर बताया था कि सोनू नामक युवक व उसके साथी उसकी पुत्री को बहला-फुसलाकर ले गए हैं। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर युवती की बरामदगी के लिए टीम गठित की थी। पुलिस टीम ने सटीक सूचना पर हरिद्वार जाने के लिए बस का इंतजार कर रहे गिरोह के सभी छह सदस्यों को दबोच लिया और उनके चंगुल से युवती को मुक्त करा लिया।



आरोपी सोनू ने बताया कि उसने युवती को फोन पर झांसा देकर हरिद्वार बुलाया था, जहां साथियों ने उसे बंधक बनाकर रखा था। सोमवार को कविता के माध्यम से युवती का एक लाख रुपये में सौदा तय हुआ था। कविता उसे आगे किसी अन्य व्यक्ति को और अधिक कीमत पर बेचने वाली थी, लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में मोहल्ला सुभाषनगर (नजीबाबाद) निवासी मुखराम, उसका पुत्र शिवम, शिवम की पत्नी सिमरन उर्फ पूनम, ज्योति निवासी ऋषिकेश, कविता ग्राम जखवाला देवबंद, और सोनू ग्राम महमूदपुर, चांदपुर शामिल हैं।

एक लाख रुपये में तय हुआ था सौदा

मुख्य आरोपी सोनू ने बताया कि गिरोह के सदस्य शिवम, सिमरन और ज्योति रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड पर ऐसी युवतियों और महिलाओं की तलाश करते थे, जो घर से नाराज होकर निकली हों या पारिवारिक परेशानी में हों। वे उन्हें मदद का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लेते थे। गिरोह का सरगना मुखराम ऐसे पुरुषों की तलाश करता था जिनकी शादी नहीं हुई या जिनकी पत्नी की मृत्यु हो चुकी है या किन्हीं कारणों से पत्नी-पति को छोड़कर जा चुकी है। इसके बाद आरोपी महिला कविता ग्राहकों से मोटी रकम में सौदा तय करती थी।

डा. महेंद्र सिंह त्यागी के दो शोध-पत्र राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित

चांदपुर (चिंगारी)। हिन्दू इंटर कॉलेज चांदपुर के वरिष्ठ अंग्रेजी प्रवक्ता डॉ. महेंद्र सिंह त्यागी के दो शोध पत्र हाल ही में राष्ट्रीय स्तर की शोध पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं।



नजीबाबाद से प्रकाशित शोध पत्रिका शोधादर्श में 'रामधारी सिंह दिनकर के साहित्य में राष्ट्रीय चेतना और सांस्कृतिक समन्वय एक आलोचनात्मक पुनरपाठ' शीर्षक से प्रकाशित हुआ है।

डॉ. त्यागी का दूसरा शोध पत्र 'हरिवंशराय बच्चन के व्यक्तित्व, कृतित्व और साहित्यिक अवदान का आलोचनात्मक अध्ययन' उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर जनपद से प्रकाशित राष्ट्रीय पत्रिका एकेडमिक वर्ल्ड जनरल ऑफ ह्यूमैनिटीज एंड सोशल साइंस में प्रकाशित हुआ है।

बता दें कि डॉ. त्यागी अंग्रेजी भाषा में कविताएं लिखने के साथ-साथ हिंदी भाषा में भी कविताएं, शोध पत्र एवं आलोचनात्मक लेख तथा समसामयिकी पर निरंतर लिखते रहते हैं। उनका अंग्रेजी काव्य संग्रह दा लिटरेरी बड्स 2024 में रायपुर से प्रकाशित हो चुका है।

मधुमक्खियों के हमले से युवक की हालत बिगड़ी

राजा का ताजपुर (चिंगारी)। मौहल्ला नई बस्ती निवासी खुर्शीद सिद्दीकी कपड़े वाले के पुत्र मौ. आसिफ पर मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बताया जा रहा है कि मौ. आसिफ अपने किसी काम में लगा था, तभी मधुमक्खियों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया। मधुमक्खियों ने उसके चेहरे और शरीर पर सैकड़ों जगह डंक मार दिया, जिससे वह बेहोश होकर गिर पड़ा। परिजन आनन-फानन में उसे मुरादाबाद के निजी अस्पताल लेकर गए, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है और इलाज चल रहा है। घटना से परिवार में हड़कंप मचा हुआ है।





खबर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

आतिशबाजी से तीन मंजिला शोरूम में लगी भीषण आग

बाज़ार में मची अफरा-तफरी

धामपुर (चिंगारी)। दीपावली के त्यौहार की रौनक अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि आतिशबाजी के बीच धामपुर के मोहल्ला साहूवान में एक भीषण अग्निकांड की घटना सामने आ गई। सोमवार की रात करीब 9:30 बजे मोहल्ला साहुवान स्थित दीपेश कुमार के गिफ्ट एवं जूतों के तीन मंजिला शोरूम में अचानक आग लगने से इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसमान में उठती आग की लपटों को देखकर लोगों में दहशत फैल गई।



शोरूम की तीसरी मंजिल पर अचानक आग भड़क उठी। आशंका जताई जा रही है कि आसपास हो रही आतिशबाजी के दौरान निकली किसी चिंगारी से आग लगी होगी। हालांकि आग लगने के वास्तविक कारणों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए। देखते ही देखते घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही धामपुर पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाने का अभियान शुरू किया। दमकल कर्मियों ने काफी देर तक कड़ी मशक्कत की, जिसके बाद आग पर काबू पाया जा सका।

भारी नुकसान की आशंका

तीन मंजिला शोरूम में गिफ्ट एवं जूतों का सामान रखा हुआ था। आग के कारण दुकान में रखे सामान को काफी नुकसान पहुंचने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल वास्तविक नुकसान का आकलन नहीं हो सका है। गनीमत रही कि समय रहते दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग को फैलने से रोक लिया गया।

सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

इस घटना ने एक बार फिर धामपुर के बाजारों में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैरानी की बात यह है कि करीब दो महीने पहले इसी शोरूम के पास स्थित श्रीराम मंदिर की तीसरी मंजिल पर भी आग लगने की घटना सामने आई थी। लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाएं यह सोचने पर मजबूर करती हैं कि आखिर भीड़भाड़ वाले बाजारों, ऊंची इमारतों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में आग से बचाव के पर्याप्त इंतजाम क्यों नहीं हैं? प्रशासन से अग्नि सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन होगा कल

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर की धार्मिक संस्था नवदुर्गा जागरण पार्टी की ओर से 11 नवंबर बुधवार को 51वें वर्ष में प्रवेश पर माता रानी की विशाल चौकी का आयोजन किया जा रहा है। माता रानी की चौकी का समय शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक रहेगा। उक्त जानकारी देते हुए नवदुर्गा जागरण पार्टी के संस्थापक सरदार महेंद्र सिंह सलूजा आराधक एवं सरदार मनजीत सिंह सलूजा साधक तथा संचालक सरदार मनप्रीत सिंह बॉबी एवं सरदार हर्षदीप सिंह सलूजा सिदक ने संयुक्त रूप से बताया कि माता रानी के भक्तों के सहयोग एवं योगदान से नवदुर्गा जागरण पार्टी अपने 50 वर्ष पूर्ण करके वर्तमान में 51वें वर्ष में प्रवेश कर चुकी है और इसका शुभारंभ नगर के मोहल्ला बाड़वान के प्रमुख चौक पर 11 नवंबर को शाम 6 बजे से आयोजित होने वाली माता रानी की विशाल चौकी के साथ किया जा रहा है।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

अफ़ज़लगढ़ में फ़ायर स्टेशन की मांग



अफजलगढ़(चिंगारी)। फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना की मांग को लेकर रविवार, 8 नवंबर 2026 को नगर के मशहूर हकीम मसूद अहमद के पोते सुरुश अनवर एडवोकेट के निवास स्थान पर एक अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक में मौजूद सभी वक्ताओं ने अफजलगढ़ में फायर ब्रिगेड स्टेशन की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की और संबंधित विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द फायर ब्रिगेड स्टेशन स्थापित कर उसका संचालन शुरू कराने की मांग उठाई।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि अफजलगढ़ क्षेत्र से जुड़े 120 से अधिक गांवों और आसपास के इलाकों में आग लगने की घटनाओं के दौरान दमकल की सुविधा समय पर उपलब्ध होना बेहद जरूरी है। फायर ब्रिगेड स्टेशन दूर होने के कारण कई बार आग बुझाने में देरी हो सकती है, जिससे जान-माल और किसानों की फसलों को नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहती है। ऐसे में अफजलगढ़ में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना क्षेत्र की महत्वपूर्ण जरूरत है।

इस मौके पर शान मोहम्मद अली, अजीम कुरैशी, सलीम अहमद, शुएब मसूद, मुजीब एडवोकेट, माजिद फरीदी, फैसल सैफी, अनस खान, जावेद शाहिद, समीर जहीर, रिजवान इरशाद, अफजाल अंसारी सहित समस्त अधिवक्तागण, सरताज अंसारी विधानसभा अध्यक्ष, अनीस सैफी, रिजवान सभासद, आरिफ कमांडर, निजाम बाजिद अल्वी, जाहिद अली खान व्यापार मंडल अध्यक्ष, रिजवान वफा, शाहनवाज अंसारी, कफील सलमानी, फैज़ अहमद, शिराज अनवर, अब्दुल मालिक, अली सभासद सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

डा. मूलचंद सैनी ने घर पहुंचकर किया शिक्षक की पत्नी का इलाज

चांदपुर (चिंगारी)। विधानसभा क्षेत्र चांदपुर से चुनाव की तैयारी कर रहे वरिष्ठ भाजपा नेता डा. मूलचंद सैनी ने शिक्षक के घर पहुंचकर उनका उपचार किया। डा. मूलचंद सैनी के इस कार्य की क्षेत्र में प्रशंसा की जा रही है।

ग्राम स्याऊ निवासी राष्ट्रपति से सम्मानित सेवानिवृत्त शिक्षक ठाकुर नरेन्द्र चौहान की धर्मपत्नी श्रीमती शशि देवी मकान की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए गिर गई थी, जिससे उनको काफी चोट आई थी। पूर्व प्रधान ठा. रायबहादुर आर्य ने इस बारे में वरिष्ठ चिकित्सक एवं भाजपा नेता डा. मूलचंद सैनी को बताया। जानकारी मिलते ही डा. मूलचंद सैनी शिक्षक ठाकुर नरेन्द्र चौहान के आवास पर पहुंचे और श्रीमती शशि देवी के पैर का परीक्षण किया तथा पैर का एक्स-रे भी कराया। बाद में डा. मूलचंद सैनी ने श्रीमती शशि देवी के पैर पर प्लास्टर कर परिजनों को सावधानी बरतने के साथ ही आवश्यक चिकित्सा संबंधी सलाह दी।



श्रीमती शशि देवी के पैर पर प्लास्टर करते डा. मूलचंद सैनी

15 को बास्टा में लगेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

डा. मूलचंद सैनी व उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सेजलासैनी की ओर से 15 नवम्बर को गांधी इंटर कालेज बास्टा में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। इससे पूर्व 25 अक्टूबर को सैनी दम्पति की ओर से चांदपुर स्थित उनके आवास पर विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें लगभग तीन हजार लोगों की जांच कर उन्हें नि:शुल्क दवाइयां दी गई थीं।

पटाखा छोड़ने वाली हथौड़ी, सिर में दे मारी

नूरपुर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव झीरन निवासी जितेंद्र कुमार रविवार शाम करीब सात बजे गांव की एक दुकान से सामान लेने गया था। आरोप है कि घर लौटते समय रास्ते में स्थानीय निवासी मनोज, सुनील और लव कुमार ने उसे रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उसके साथ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया और पटाखा छोड़ने वाली हथौड़ी से उसके सिर पर हमला कर दिया। सिर में चोट लगने से जितेंद्र बेहोश हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष त्रिवेन्द्र राठी ने बताया कि घायल का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। तीनों आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।



नर्सिंग कर्मचारियों का आंदोलन सरकार की वादाख़िलाफ़ी का परिणाम-चंद्रशेखर

आंदोलनरत नर्सिंग कर्मचारियों के समर्थन में उतरे सांसद, सरकार पर लगाया मांगों की अनदेखी करने का आरोप

नगीना (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में राजकीय नर्सेस संघ की 13 सूत्रीय मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे नर्सिंग कर्मचारियों के समर्थन में नगीना सांसद चंद्रशेखर ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि नर्सिंग कर्मचारियों का आंदोलन सरकार की वादाखिलाफी का परिणाम है। कर्मचारी नौ अक्टूबर से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं का समाधान करने के बजाय लगातार अनदेखी कर रही है।

सांसद चंद्रशेखर ने सोशल मीडिया पर कहा कि 21 अक्टूबर से कार्य बहिष्कार और स्वास्थ्य भवन के घेराव के बावजूद सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता नहीं दिखाई। सात नवंबर को आंदोलनरत कर्मचारियों को शासन के समझौता पत्रों की प्रतियां जलाकर काला दिवस मनाना पड़ा, जो सरकार के लिए बेहद चिंताजनक स्थिति है।



उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री ब्रजेश पाठक ने एक वर्ष पूर्व नर्सिंग कर्मचारियों की गृह जनपद में तैनाती, पदोन्नति, अध्ययन अवकाश, पालनाघर, संवर्ग के पदों की सुरक्षा और केंद्र के समान भत्ते जैसी मांगों पर आश्वासन दिया था। वहीं, दो फरवरी 2026 को पांच प्रमुख मांगों पर सहमति बनने के बावजूद अब तक शासनादेश जारी नहीं किए गए हैं।

सांसद ने भाजपा सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि चुनाव से छह महीने पहले जनता के बीच वादों और आश्वासनों की पोटली बांटकर अगली सरकार बनाने के सपने देखे जा रहे हैं, जबकि सत्ता में रहते हुए किए गए वादों को पूरा करने की बारी आती है तो सरकार पीछे हट जाती है। सांसद ने नर्सिंग कर्मचारियों की मांगों को जायज बताते हुए सरकार से उनके साथ किए गए समझौतों को लागू करने और शीघ्र शासनादेश जारी करने की मांग उठाई है।



हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली व गोवर्धन का त्यौहार

स्योहारा (चिंगारी)। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में दीपावली का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्रामीण क्षेत्रों में गोर्वधन पूजन कर अपने पशुओं और अच्छी फसल के लिए ईश्वर से कामनाएं की गयीं। दीपों से सभी के घर, मंदिर संस्थान जगमगा उठे थे। एक-दूसरे को शुभकामनाएं दी गईं और मिठाई वितरित की गयी। स्योहारा आपसी सौहार्द के लिए जाना जाता है, इसकी झलक तब देखने को मिली, जब हिंदू समाज के लोगों ने मुस्लिम समुदाय के मित्रों को मिठाई देकर शुभकामनाएं दीं। नगर में बाजारों में भी बहुत रौनक रही और खूब खरीदारी हुई। घरों में लक्ष्मी पूजन किया गया और सभी के लिए शुभकामनाएं की गयीं।



अपने परिवार के साथ दीपावली के दौरान डाक्टर मनोज वर्मा



हल्दौर में 15 को लगेगा आई कैम्प

हल्दौर (चिंगारी)। नगर निवासी सुशील वर्मा द्वारा निर्मल आश्रम आई इंस्टीट्यूट ऋषिकेश के सहयोग से आगामी 15 नवंबर दिन रविवार को वर्मा मैरिज हॉल हल्दौर पर प्रात: 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक विशाल नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा, जिसमें चिकित्सक मरीजों की आंखों का चैकअप कर उसी दिन मोतिबिन्द के मरीजों को ऑपरेशन के लिये अपने साथ ऋषिकेश ले जाएंगें। सुशील वर्मा ने बताया कि मरीज असुविधा से बचने के लिये अपना रजिस्ट्रेशन 15 नवंबर से पूर्व प्रात:10 बजे से सायं 4 बजे तक वर्मा मैरिज हॉल पर आकर किसी भी दिन करवा सकते हैं।

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक

छत के ऊपर से गुजर रही एचटी लाइन की चपेट में आने से मूक बधिर युवक झुलसा

राजा का ताजपुर (चिंगारी)। खाना शिकारपुर निवासी मुश्ताक अहमद का 25 वर्षीय पुत्र मौ. कासिम जो मूक बधिर है, रविवार सुबह किसी काम से छत पर गया था। छत के ऊपर से गुजर रही 11 हजार की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से झुलसकर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन में उसे ताजपुर के एक निजी अस्पताल में ले गए, जहां उसका इलाज चल रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव खाना शिकारपुर में कई घरों की छतों के ऊपर से 11 हजार की लाइन गुजर रही है, जिसे हटाने के लिए कई बार विद्युत विभाग से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन विभाग लाइन हटाने को तैयार नहीं है। ग्रामीणों ने कहा कि विभाग किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द आबादी के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन को हटाकर कहीं और शिफ्ट किया जाए, विद्युत विभाग के जेई साहब ने बताया है कि जल्दी ही मामले को संज्ञान में लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है, जल्द ही समस्या का हल कराया जायेगा।



दीपावली पर बाजारों में खूब बिका सामान आतिशबाजी से गूंजा आसमान

शेरकोट (चिंगारी)। नगर व ग्रामीण क्षेत्र में रोशनी का महापर्व दीपावली हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने पूजन अर्चना कर सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की, वहीं देर रात आतिशबाजी होने से पटाखों की आवाज गूंजती रही।

रविवार को सुबह से ही क्षेत्र में चहल-पहल और उत्साह का माहौल नजर आया। लोगों द्वारा अपने घरों और प्रतिष्ठानों को भव्य व आकर्षक ढंग से सजाया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शुभ मानकर सोने-चांदी के गहनों, बर्तन, मिठाई, इलेक्ट्रिक सामान, उपहार, कपड़ों व आतिशबाजी आदि ज़रूरी सामान की खूब खरीदारी की, जिससे दोपहर से बाजार में भारी भीड़ दिखाई दी। इस बार अधिकतर लोगों ने अपने घरों को चाइनीज इलेक्ट्रिक झालरों से सजाया गया, मिट्टी के दीपकों व मोमबत्ती की बिक्री कम हुई। क्षेत्र में निरंतर विद्युत आपूर्ति होने से रात भर पूरा क्षेत्र रंग बिरंगी लाइटों से जगमगता रहा। सूर्यास्त होने पर लोगों ने घरों व देव स्थलों पर दीपक जलाए और घरों में लक्ष्मी पूजन कर सुख समृद्धि व खुशहाली की कामना की। युवाओं और बच्चों ने आतिशबाजी की, जिससे देर रात तक आसमान में पटाखों की आवाज़ गूंजती रही। इस मौके पर मुस्लिमों ने हिंदू-भाइयों को शुभकामनाएं दीं, जबकि हिंदूओं ने मुस्लिम भाइयों को मिठाई व गिफ्ट देकर त्यौहार की खुशियों में शामिल कर सौहार्द को मजबूत किया।







राशिफल

विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

बुधवार, 11 नवम्बर 2026

मेष- आत्मविश्वास में कमी, गुप्त चिन्ताओं से स्वास्थ्य प्रभावी, बुद्धि-विवेक के अभाव में कार्य अधूरे, पारस्परिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, यात्रा निष्फल।

वृषभ- ग्रहस्थिति अनुकूल, सद्विचारों का उदय, नवीन कार्यों की रूपरेखा तैयार, पारस्परिक सम्बन्ध मधुर, मनोविनोद के सुअवसर प्राप्त, पठन-पाठन की ओर रुचि।

मिथुन- विचाराधीन योजना मूर्तरूप में परिणित, व्यावसायिक प्रगति का मार्ग प्रशस्त, मनोबल में वृद्धि, आत्मीयजनों से अनुकूलता, आपसी सम्बन्धों में तालमेल।

कर्क- आर्थिक स्थिति में सुधार, शारीरिक सुख, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, कठिनाइयों में कमी, आनन्द की अनुभूति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, लाभान्वित।

सिंह- समय विपरीत, आर्थिक लेन-देन में जोखिम से नुकसान, पारस्परिक सम्बन्धों में अनबन, प्रतियोगिता में असफलता, यात्रा असंतोषजनक, मानसिक तनाव।

कन्या- चिरवांछित कार्यों के बनने से प्रसन्नता, निजी इच्छा की पूर्ति, भौतिक सुख के साधन सुलभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, मौजमस्ती के निमित्त व्यय, यात्रा।

तुला- शुभ भावनाओं का उदय, परेशानी में कमी, शिक्षा एवं प्रतियोगिता में सफलता, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुझान, दूसरों के आश्वासनों से राहत, प्रियजनों से प्रगाढ़ता।

वृश्चिक-अभीष्ट सिद्धि का प्रयास सार्थक, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना दृष्टिगत, महत्वपूर्ण सफलता, अपने स्तर को बनाये रखने के लिए व्यय।

धनु- ग्रहस्थिति भाग्य के विपरीत , बुद्धि विवेक के अभाव में कार्य-अधूरे, पारस्परिक सम्बन्धों में वैमनस्यता, यात्रा निष्फल, पठन-पाठन में अरुचि, प्रतिष्ठा पर आघात।

मकर- समस्याओं में कमी का एहसास, प्रियजनों के माध्यम से कुछेक मसला हल, व्यक्तित्व को बनाये रखने के लिए व्यय, मनोरंजन की ओर रुझान, यात्रा संतोषजनक।

कुम्भ- कार्य व्यवसाय में सफलता, लाभ का सुअवसर, विवाद का समापन, मित्र सहायक, अध्ययन में रुचि, प्रेम सम्बन्धों में प्रगाढ़ता, वैवाहिक जीवन सुखद।

मीन- व्यापार में विस्तार, नवपरिवर्तन की योजना फलीभूत, धार्मिक मांगलिक आयोजन सम्पन्न, मनो-विनोद के सुअवसर प्राप्त, जनकल्याण की भावना जागृत, यात्रा सुखद।

**एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722**

पीएम पोषण योजना के तहत स्कूल के बच्चों को परोसा जाएगा हलवा

नजीबाबाद (चिंगारी)। उच्च प्राथमिक दहीरपुर विकास क्षेत्र नजीबाबाद में पीएम पोषण योजना के अन्तर्गत अध्यनरत समस्त छात्र-छात्राओं को हलवा परोसा गया। प्रत्येक शुक्रवार को मध्यावकाश के पहले व तीसरे सप्ताह-मीठा सूजी हलवा तथा दूसरे व चौथा व पांचवां सप्ताह नमकीन हलवा परोसा जाने की योजना है। उच्च प्राथमिक विद्यालय दहीरपुर के मुख्य अध्यापक इकबाल अहमद ने बताया इसका मुख्य उद्देश्य बच्चों में कुपोषण को दूर करना है। इसका नाम सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन इसलिए है, क्योंकि यह बच्चे के घर के खाने को बदलता नहीं है, बल्कि घर के खाने में जो पोषक तत्वों की कमी रह जाती है, उसे पूरा करता है। बच्चों को यह पूरक पोषण नियमित व गुणवत्ता पूर्ण सही तरीके से मिले तो



उनके स्वास्थ्य में बहुत ही सकारात्मक व गहरा असर पड़ता है। जैसे कुपोषण से मुक्ति, अनीमिया खून की कमी से बचाव,

विद्यालय के बच्चों को हलवा वितरण करते हुए।

मानसिक व बौद्धिक विकास स्कूल जाने की आदत से बेहतर भविष्य बनता है। संक्षेप में कहे तो योजना बच्चों की नींव मजबूत करने वाली योजना है, इसका सीधा असर ऊपर बच्चों को स्वस्थ, अजवान, बुद्धिमान बनाने में मददगार साबित होती है। जिससे देश के भविष्य (बच्चों) का सही विकास हो सके। इस मौके पर अमित कुमार चौधरी सीए, शशिकान्त शर्मा, पुष्पा देवी अनुदेशक आदि मौजूद रही।

यूपी की हवा हुई खराब, मेरठ में AQI 900 पार

मेरठ (एजेंसी/चिंगारी)। यूपी के कई जिलों में दिवाली की रात पटाखों के धुएं से जहरीली हो गई है। रविवार देर शाम से आधी रात के बाद तक पटाखे जलाने के चले सिलसिले के असर से सांस में ली जाने वाली हवा की गुणवत्ता मुरादाबाद में भी काफी तेजी से बिगड़ी। मेरठ में एक्यूआई 900 पार हो गई। वहीं, आज यूपी में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। कहीं-कहीं छिछला से मध्यम कोहरा होने की उम्मीद है। मौसम विभाग के लखनऊ केंद्र के मुताबिक यूपी में आज मौसम शुष्क रहने की संभावना है। इसके अलावा आज और कल सुबह के समय कहीं-कहीं छिछला से मध्यम कोहरा होने की उम्मीद है। वहीं, अगले 7 दिनों तक मौसम के तापमान में कोई बड़ा परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। अगर बीते 24 घंटों की बात करें तो दोनों संभागों में मौसम शुष्क रहा। सुबह पश्चिमी यूपी के कुछ स्थानों पर घना कोहरा और पूर्वी यूपी में अत्यन्त घना कोहरा दर्ज किया गया, जबकि सबसे कम दृश्यता शून्य मीटर वाराणसी एयरपोर्ट पर रही।

रास्ता व पुलिया निर्माण कराने को ज्ञापन दिया

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारियों के एक प्रतिनिधिमंडल ने अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग व तहसीलदार नजीबाबाद से मुलाकात कर उन्हें जनहित के कार्यों को लेकर ज्ञापन दिया। ज्ञापन में ग्राम समीपुर के सम्पर्क मार्ग का क्षतिग्रस्त रास्ता व पुलिया शीघ्र ठीक कराने की मांग की गई। उन्होंने कहा कि मार्ग खराब होने से गांव के अंदर आने-जाने वाले किसानों व मजदूरों को काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। एसडीएम को संबोधित दूसरा ज्ञापन तहसीलदार को दिया गया। ज्ञापन में जनसमस्याओं के हल की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में संगठन मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौ. फुरकान खान, जिलाध्यक्ष जाबिर, देहरादून ग्रामीण जिलाध्यक्ष अतीक अहमद, युवा जिलाध्यक्ष वसीम मकरानी, अजमल मंसूरी, प्रदेश सचिव अफसर कुरैशी, मोहम्मद आसिफ, मोहम्मद अकरम, शहजाद अहमद, सिकंदर, मोहम्मद शादाब आदि मौजूद रहे। अधिकारियों ने तत्काल प्रभाव से कार्रवाई का आश्वासन दिया।



सोनिया की किताब 'बिलॉन्गिंग-अ जर्नी ऑफ लव' लॉन्च

नई दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)। सोनिया गांधी की किताब 'बिलॉन्गिंग अ जर्नी ऑफ लव' आज लॉन्च हो गई है। बिना किसी लॉन्च इवेंट के यह सीधे मार्केट में मिलने लगी है। सोनिया ने इस मेमॉयर को निजी किताब बताया है, उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक किताब नहीं है।

सोनिया ने 24 अक्टूबर को एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने दावा किया था- मेरी किताब आने पर कुछ 'तमाशा' जरूर होगा। दशकों से लोग मेरी कहानी बता रहे, अब मेरी बारी है अपनी कहानी बताने की। हार्पर कॉलिन्स इंडिया की प्रकाशित किताब में गांधी परिवार के साथ घटी बड़ी त्रासदियों और 2004 के राजनीतिक घटनाक्रम का जिक्र है।

'बिलॉन्गिंग..' के बारे में सोनिया क्या सोचती हैं

यह उस जगह की उनकी कहानी है, जिसे उन्होंने अपना घर माना। अपने परिवार को ईमानदारी से दिखाना चाहती थी। परिवार में वे लोग शामिल हैं, जिन्हें उन्होंने जाना और प्यार किया। ज्यादातर जिंदगी मैंने अपनी अंदरूनी दुनिया अपने तक रखी। दुख ने मुझे राजनीति में खींच लिया, फिर भी मैंने अपनी निजी जिंदगी बचाए रखने की कोशिश की।

अपने जीवन के बारे में खुलकर लिखना उनके लिए

बिना किसी फंक्शन के सीधे दुकानों पर बिक्री, राजीव से पहली मुलाकात, पीएम पद ठुकराने की कहानी



लगभग असंभव लगता था। मेरे परिवार के बारे में बहुत कुछ लिखा गया है। लेकिन शायद ही कभी यह समझने की कोशिश हुई कि वे असल में कैसे लोग थे।

भारत में पांच दशक से ज्यादा समय में देखे गए बदलाव को साझा करना चाहती थी। मैंने एक देश को बदलते देखा। शुरुआत में मैंने इसे किनारे से देखा और बाद में इसके केंद्र से।

सोनिया ने बताया था, 2004 में क्यों ठुकराया था पीएम पद

इस किताब पर दिए इंटरव्यू में सोनिया ने इस फैसले से लेकर राजीव गांधी के साथ अपने रिश्ते, इमरजेंसी, कांग्रेस के भविष्य और देश की मौजूदा राजनीति पर बात की थी। उन्होंने कहा था कि भारत को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सोच अलग है। सोनिया ने पिछले 12 साल में देश के लोकतंत्र और संस्थाओं को हुए नुकसान पर भी चिंता जताई। साथ ही कहा, 'राजीव से मुलाकात के 60 साल बाद भी मैं वही इंसान हूं, बस अब पहले जितना हंसती नहीं।' आपने X पर लिखा- 'दूसरे लोग दशकों से मेरी कहानी बताते रहे हैं, अब मेरी बारी है।' AI की मदद से पता चला कि आपके जीवन पर कम से कम 75 किताबें लिखी जा चुकी हैं। क्या आपने इनमें से कुछ पढ़ी हैं या कभी जानने की कोशिश की कि दूसरे लोग आपकी कहानी को किस तरह देखते हैं?

भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव पर सामूहिक पूजन किया



नजीबाबाद (चिंगारी)। श्री दिगंबर जैन सरजायती व पंचायती मन्दिर मे भगवान महावीर के निर्वाण महोत्सव पर श्रावकों ने महावीर भगवान पर सामूहिक शान्ति धारा व अभिषेक कर सामूहिक पूजन व निर्वाण पाठक महावीर चालीसा पाठ कर निर्वाण लाडू अर्पित किया। भगवान महावीर स्वामी को लगभग 527 ईसा पूर्व (72 वर्ष की आयु में) कार्तिक अमावस्या की रात्रि को बिहार के पावापुरी में निर्वाण प्राप्त हुआ था। जैन परंपरा में दीपावली का पर्व मुख्य रूप से भगवान महावीर के निर्वाण दिवस (मोक्ष कल्याणक) के रूप में मनाया जाता है। मान्यता है कि जब महावीर स्वामी को मोक्ष मिला, तो उनके अंतिम उपदेश व ज्ञान के प्रकाश को अमर रखने के लिए देवताओं व श्रद्धालुओं ने दीप जलाए थे। चंदाप्रभु के वेदी पर राजीव जैन, निशु जैन, राहुल जैन, आदिनाथ वेदी पर दीपक जैन, महावीर वेदी पर पीयूष जैन, आतिश जैन, सजायती मंदिर पर नेमिनाथ की विधि पर शास्त्री दिवाकर जैन ने पूजन किया। प्रधान दीपक जैन, मंत्री नीरज जैन, भंडारी पुनीत जैन, पारसनाथ जैन, संतोष जैन, मनोज जैन, जिनेश्वर दास जैन, संयम जैन, निधि जैन, ममता जैन, किरण जैन, रैना जैन, गौरी जैन, मंजू जैन, कुमकुम जैन, सुनीता जैन, नेहा जैन, ऋचु जैन, संगीता जैन सहित काफी संख्या में श्रावक उपस्थित रहे।

सड़क हादसे में पत्रकार की पत्नी की मौत पर दुख जताया

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के पत्रकारों ने ग्राम आजमपुर उर्फ खानपुर निवासी इलेक्ट्रॉनिक व प्रिंट मीडिया के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह की पत्नी ज्योति ठाकुर की दीवाली के दिन सड़क हादसे में मौत हो जाने व राजवीर के घायल हो जाने पर दुख व्यक्त किया है। घटना की सूचना मिलते ही पत्रकार संगठनों से जुड़े पदाधिकारियों ने पीड़ित पत्रकार के घर पहुंचकर इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया है। रिपोर्टर्स एसोसिएशन (आईरा) के जिलाध्यक्ष अफजाल अहमद, डॉ. आफताब नोमानी, जिशान नजीबाबादी, खिजर अहमद, नईम सिद्दीकी, शहजाद मलिक ने घटना पर दुख जताते हुए घायल पत्रकार से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। दुख की इस घड़ी में पूरे संगठन ने उनके साथ खड़ा रहने की बात कही। हिंद भारतीय पत्रकार सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री मिथुन भारती एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री अनुज वर्मा ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। उधर भारतीय जनता पार्टी के संभावित प्रत्याशी अवनीश अग्रवाल टांडेवाले ने अपनी टीम के साथ पत्रकार के घर पहुंचकर घटना पर दुख जताया तथा उनके परिजनों को सांत्वना दी। उन्होंने दिवंगत के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

हनीफ पान वाले का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुगलूशाह (निकट शीशी वाली भट्टी) निवासी डबल फाटक के नीचे पान की दुकान करने वाले हनीफ पान वाले के नाम से मशहूर का बीमारी के चलते इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल से उनके परिजनों में कोहराम मच गया। क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। काफी संख्या में लोगों ने उनके निवास पर पहुंचकर दुख जताया।

ट्रक से ई-रिक्शा की टक्कर की मौत, तीन घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। किरतपुर निवासी दिनेश कुमार पुत्र महेश चंद्र अपनी बेटियों दीक्षा (27वर्ष) व खुशबू (24वर्ष) के साथ ई-रिक्शा से किरतपुर से नजीबाबाद आ रहे थे। इसी दौरान ग्राम चौगांवा के निकट सड़क किनारे खड़े ट्रक से ई-रिक्शा टकरा गया। हादसे में दिनेश कुमार की मौत हो गई, जबकि दोनों बेटियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। ई-रिक्शा चालक सलमान पुत्र जमील निवासी मौहल्ला जाब्तागंज नजीबाबाद भी घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए निजी अस्पताल भिजवाया तथा मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुटी है। घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

छेड़छाड़ का विरोध करने पर युवक व उसके बहनोई से मारपीट

नजीबाबाद (चिंगारी)। बहन के साथ छेड़छाड़ व अभद्रता का विरोध करने एक युवक व उसके बहनोई के साथ मारपीट की गई। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित युवक ने बताया कि पांच नवंबर की रात उसकी बहन के साथ कुछ लोगों ने छेड़छाड़ व अभद्रता की थी। इसका विरोध करने पर भूरा उर्फ निग्गी व उसके भाइयों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। आरोप है कि हमलावरों ने उसके बहनोई राजा को भी लाठी-डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बाइक नील गाय से टकराने पर दो युवक घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के बुंदकी मार्ग पर इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल के पास बीती शाम बाइक सवार दो युवक नील गाय से टकरा गये। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। दोनों युवकों को घायल अवस्था में रोड किनारे पड़ा देखकर कुछ राहगीरों ने रूक कर उनके परिजनों व पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद दोनों घायल युवकों को उपचार के लिए निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया।

भाकियू आजाद के फुरकान खान प्रभारी बने

नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान यूनियन आजाद के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नगर के आजाद नगर राहूखेड़ी कोरा निवासी मौ. फुरकान खान को भाकियू आजाद का मुरादाबाद एवं उत्तराखंड प्रभारी नियुक्त किया है। श्री खान को भेजे गये मनोनयन पत्र में उनसे उम्मीद जताई गई है कि वह यूनियन की नीति व सिद्धांतों का पालन करते हुए जाति धर्म के भेदभाव से ऊपर उठकर समाज के हित में कार्य करेंगे। फुरकान खान के प्रभारी बनने पर उनके समर्थकों ने हर्ष जताया है।

ATHER

असली इलेक्ट्रिक

एथर इलेक्ट्रिक/

अब धामपुर में।

ATHER EXPERIENCE CENTER, DHAMPUR

Address:- Indra Nagar Colony Near Ayushman Hospital Dhampur Bijnor - 246761

Mob. 9240083181

सभी को गोवर्धन पूजा की हार्दिक शुभकामनाएं



श्रद्धा और भक्तिभाव से की गोवर्धन पूजा

चांदपुर (चिंगारी)। गोवर्धन पूजा का पर्व क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भगवान श्रीकृष्ण के गोवर्धन स्वरूप की पूजा कर परिवार की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यता के अनुसार, द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र के अहंकार को समाप्त करने तथा ब्रजवासियों की रक्षा के लिए अपनी छोटी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाकर समस्त ब्रजवासियों को मूसलाधार वर्षा से बचाया था। इसी पौराणिक प्रसंग की स्मृति में दीपावली के अगले दिन गोवर्धन पूजा की परंपरा चली आ रही है। गोवर्धन पूजा प्रकृति, पर्यावरण, गौवंश और कृषि संस्कृति के प्रति सम्मान का भी प्रतीक है।



इस दिन गोबर से गोवर्धन पर्वत की आकृति बनाकर पूजा की जाती है तथा भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के पकवानों, मिठाइयों और मौसमी व्यंजनों से तैयार अन्नकूट का भोग लगाया जाता है। नगर के 84 घंटा शिव मंदिर, होलिका शिव मंदिर, हनुमत धाम व पंडित गुरु नेतराम जी के मंदिर में श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण का विधि-विधान से पूजन, गोवर्धन परिक्रमा, आरती और प्रसाद वितरण किया। कई स्थानों पर सामूहिक भंडारे एवं भजन-कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। मंदिर परिसर जयकारों और भक्तिमय वातावरण से गूंज उठे। धार्मिक मान्यता है कि गोवर्धन पूजा करने से भगवान श्रीकृष्ण की कृपा प्राप्त होती है तथा घर-परिवार में सुख, शांति और समृद्धि बनी रहती है। यह पर्व हमें प्रकृति की रक्षा, गौसेवा और अन्न के सम्मान का संदेश भी देता है।

गोवर्धन पूजा में असमंजस रहा बरकरार ज्यादातर लोगों ने कल मनाया त्यौहार

नांगल सोती (चिंगारी)। गोवर्धन पूजा को लेकर रही असमंजस की स्थिति के बीच क्षेत्र में अधिकांशत: गत शाम गोवर्धन पूजा की गई। उधर कुछ श्रद्धालुओं ने आज पूजा की। गोवर्धन पूजा कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि को की जाती है। प्रतिपदा तिथि की शुरुआत कल दोपहर 12.32 बजे से हुई थी और इसका समापन आज अपराहन 2 बजे हुआ है। प्रतिपदा तिथि दो दिन रहने के कारण असमंजस की स्थिति पैदा हुई। हालांकि अधिकांश श्रद्धालुओं ने गत शाम गोवर्धन पूजा की। उनका कहना था कि गोवर्धन पूजा शाम को की जाती है और प्रतिपदा तिथि दोपहर को आ चुकी थी, इसलिये यह पूजा सोमवार को ही करनी श्रेष्ठ थी।



कल शाम ग्राम जालपुर में गोवर्धन पूजा करता एक कृषक परिवार।

लापता युवती का कंकाल मिला

चांदपुर (चिंगारी)। ग्राम बबनपुरा में बड़ी नहर किनारे एक युवती का कंकाल मिला। मृतका की शिनाख्त राखी (28 वर्ष) पुत्री मदन सिंह निवासी ग्राम कुतुबपुर गांवड़ी के रूप में हुई। राखी गांव के निकट स्थित कुल्हड़ बनाने की फैक्ट्री में काम करती थी तथा 28 सितम्बर से लापता थी। काफी तलाश करने पर भी उसका कहीं अता-पता नहीं लग सका था। राखी की मां रेखा की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज की थी। पुलिस ने ग्राम गंधौर निवासी विकास कुमार को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ कर रही है।

हृदय गति रुकने से किराना व्यापारी मनोज अरोड़ा का निधन

दीपावली के अगले दिन परिवार के साथ विकलांग आश्रम में भंडारा करने गए थे मनोज अरोड़ा

नगीना (चिंगारी)। मोहल्ला नालबंदान निवासी किराना व्यापारी एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी मनोज कुमार अरोड़ा का सोमवार शाम अचानक निधन हो गया। उनके आकस्मिक निधन की ख़बर से नगर में शोक की लहर दौड़ गई। करीब 55 वर्षीय मनोज अरोड़ा को लोग प्यार से 'मनोज चक्की वाले' के नाम से भी जानते थे। बताया गया कि दीपावली के अगले दिन सोमवार को मनोज अरोड़ा अपनी किराना दुकान शाम करीब छह बजे बंद कर परिवार के साथ मुस्सेपुर स्थित विकलांग आश्रम में भंडारा करने पहुंचे थे। शाम करीब 7:30 बजे जब भंडारा शुरू होने वाला था, तभी अचानक उन्हें हल्की उल्टी हुई। उन्होंने थोड़ा पानी पिया और कुछ ही देर में अचेत होकर गिर पड़े। इसी दौरान उनका निधन हो गया। प्रारंभिक तौर पर हृदय गति रुकने से मौत होने की आशंका जताई गई। मनोज अरोड़ा के अचानक निधन की ख़बर मिलते ही परिवार और परिचितों में कोहराम मच गया। रात करीब 8:30 बजे उनका पार्थिव शरीर नगीना स्थित आवास पर लाया गया। आज सुबह विश्नोई सराय स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। मनोज कुमार अरोड़ा अपने सरल स्वभाव, मिलनसार व्यवहार और कुशल व्यक्तित्व के लिए नगर में विशेष पहचान रखते थे। शोकाकुल परिवार के प्रति लोगों ने संवेदना व्यक्त करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।



मेले की तैयारियों का जायजा लिया



मेले की तैयारियों का निरीक्षण करते ब्लॉक प्रमुख तपराज देशवाल।

नांगल सोती (चिंगारी)। गंगा स्नान मेला संयोजक, ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने मेले की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु हरसंभव प्रयास किया जायेगा। मेला प्रभारी वीरेन्द्र शर्मा, गौतम कुमार उर्फ लाला, सुबोध वर्मा भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि इस बार भी गंगा की नांगल की ओर की धारा में बहुत कम जल है। मेला उत्तराखंड की ओर की धारा के किनारे ही लगेगा। मेला स्थल का पूर्व में चयन किया जा चुका है।

शमीम खान का स्वागत किया



शमीम खान का स्वागत करते बसपाई।

नूरपुर (चिंगारी)। नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। बसपा नेता काके सिंह रवि के प्रतिष्ठान पर संगठन की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विधानसभा के नवमनोनीत प्रभारी शमीम खान का फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए शमीम खान ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए संगठन को मजबूत करने व बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जोड़ने का आह्वान किया। उन्होंने 6 दिसम्बर को लखनऊ में आयोजित होने वाली पार्टी की रैली में अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं से पहुंचने का आह्वान भी किया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष बलवंत सिंह, प्रभारी काके सिंह रवि, प्रधान परम सिंह, मास्टर चरण सिंह, मुस्लिम समाज संयोजक हकीम असरारुल हक, सहायक संयोजक देशबंधु उर्फ डैनी, विधानसभा उपाध्यक्ष सुल्तान अहमद, सिराजुद्दीन उर्फ बब्बू, नौशाद मलिक, आरिफ मलिक आदि उपस्थित रहे।

मच्छरों के प्रकोप पर नगर पंचायत सहसपुर अलर्ट

युद्धस्तर पर कराई जा रही फॉगिंग

सहसपुर (चिंगारी)। नगर क्षेत्र में बढ़ते मच्छरों के प्रकोप और मच्छरों से फैलने वाली संभावित बीमारियों की रोकथाम को लेकर नगर पंचायत सहसपुर पूरी तरह सक्रिय नजर आ रही है। नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नगर पंचायत की ओर से पूरे क्षेत्र में युद्धस्तर पर फॉगिंग अभियान चलाया जा रहा है। नगर के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थानों पर फॉगिंग कराई जा रही है, ताकि मच्छरों के बढ़ते प्रकोप पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके और लोगों को बीमारियों से बचाया जा सके। मौसम में बदलाव के साथ मच्छरों की संख्या बढ़ने और डेंगू, मलेरिया जैसी मौसमी बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर पंचायत प्रशासन ने इस अभियान को प्राथमिकता दी है। फॉगिंग के माध्यम से मच्छरों के प्रजनन और उनके फैलाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। नगर पंचायत की टीम निर्धारित क्षेत्रों में पहुंचकर लगातार इस कार्य को अंजाम दे रही है। इस संबंध में अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सहसपुर दीपक कुमार ने बताया कि आने वाली बीमारियों की रोकथाम एवं नागरिकों के स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फॉगिंग कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत का उद्देश्य केवल सफाई व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि नगरवासियों को स्वच्छ, स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना है।



फाइल फोटो

दीपावली की शाम ढले, भाईचारे के दीप जले

बि.टा. समूह के संवाददाताओं ने पेश की गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल



राशिद मलिक, बढ़ापुर


शराफत अली, कोटद्वार


फिरोज आलम, हीमपुर दीपा


डॉ. सकलैन हैदर, सहसपुर


मो. आदिल, झालू


मो. अख्तर सिद्दीकी, अफजलगढ़


मो. अजमल, चांदपुर

बिजनौर (चिंगारी) बिजनौर टाइम्स समूह के मुस्लिम संवाददाताओं ने इस बार दीपावली के पावन अवसर पर गंगा-जमुनी तहजीब की एक खूबसूरत मिसाल पेश करते हुए अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर सौहार्द के दीपक जलाकर जनपद में एकता व भाईचारे का संदेश दिया है।

प्रकाश यानी नूर लगभग हर धर्म में ज्ञान, ईश्वर, अच्छाई और आशा का प्रतीक है। हिंदू धर्म में दीपावली अंधेरे पर प्रकाश की विजय का पर्व है। सिख धर्म में भी दीपावली पर बंदी छोड़ दिवस के अवसर पर दीपक जलाए जाते हैं। इसी तरह जैन, यहूदी और ईसाई धर्म में प्रकाश का अपना महत्व है। इस्लाम में भी नूर यानी रोशनी को सबसे पवित्र माना गया है यानि दीपक जलाना, प्रकाश फैलाना किसी एक धर्म का नहीं, बल्कि अच्छाई, मोहब्बत और इंसानियत का प्रतीक है। इस प्रतीक को प्रसिद्ध महाकवि गोपालदास नीरज ने अपनी कविता इस प्रकार कहा है- जलाओ दीये पर रहे ध्यान इतना, अंधेरा धरा पर कहीं रह न जाए। अंधेरा केवल रात के अंधेरे का प्रतीक नहीं बल्कि यह अज्ञानता, गरीबी, दु:ख-अन्याय और पीड़ा का प्रतीक है।

बिजनौर टाइम्स ग्रुप के संपादक चंद्रमणि रघुवंशी एवं सांध्य दैनिक चिंगारी के संपादक सूर्यमणि रघुवंशी के आह्वान पर संस्थान के हिंदू-मुस्लिम, सिख संवाददाताओं ने सांप्रदायिक सौहार्द, एकता व भाईचारा के लिए तथा अज्ञानता, अन्याय, गरीबी, दुख व पीड़ा के विरुद्ध अपने क़लम से प्रकाश फैलाने के लिए अपने घरों और प्रतिष्ठानों को दीयों, मोमबत्तियों और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाया।

संवाददाताओं ने कहा कि पत्रकार का मजहब भी सच्चाई और इंसानियत होता है। बिजनौर टाइम्स समूह के समाचार-पत्र दैनिक बिजनौर टाइम्स और सांध्य दैनिक चिंगारी हमेशा ही हिंदू-मुस्लिम एकता की आवाज रहा है। आज दीपक जलाकर हमने यही संदेश दिया है कि रोशनी सबकी है और त्यौहार सबके हैं। यही असली भारत है और यही हमारी तहजीब है।

स्थानीय नागरिकों ने कहा कि जब पत्रकार ही आपस में भाईचारा दिखाएंगे, तो समाज में नफ़रत की कोई जगह नहीं बचेगी। दीपों की यह रोशनी आने वाले दिनों में आपसी प्रेम और विश्वास को और मजबूत करेगी, क्योंकि हर धर्म में प्रकाश का एक ही संदेश है- अंधकार मिटाओ, ज्ञान फैलाओ और प्रेम बांटो।



डॉ. अमानत अली, पैजनिया


रईस मलिक, कोतवाली देहात

> दीपावली केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि सरसता, सद्भाव और एकता का भी उत्सव है। गांव-शहर की गलियों में जब दीप जलते हैं तो उनके साथ हर समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान के रंग भी बिखेरता है। दीपावली का पर्व सनातन परंपरा से लेकर सिख, सिंधी, कायस्थ, बंगाली और गुर्जर समाज तक सभी के लिये अपने-अपने ढंग से आस्था और उत्सव का संगम लेकर आता है। मुस्लिम समाज के लोग भी दीपों के इस पर्व में शरीक होते हैं। बिजनौर टाइम्स व चिंगारी परिवार सभी धर्मों के त्यौहारों को मिल-जुलकर मनाता रहा है। इस दिवाली पर श्रद्धेय बाबूसिंह चौहान के सिद्धांतों पर अमल करते हुए बि.टा. ग्रुप के मुस्लिम संवाददाताओं ने भी दीपावली पर आशा, विश्वास और साम्प्रदायिक सौहार्द के दीप जलाकर हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय दिया।

चिंगारी
(सांध्य दैनिक), बिजनौर
10 नवम्बर 2026



स्पोर्ट्स



शौर्य अंबुरे एथलेटिक्स में यूथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं

डकार (एजेंसी/चिंगारी)। भारत की शौर्य अंबुरे ने यहाँ चल रहे यूथ ओलंपिक गेम्स 2026 में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक जीता।

कॉम्प्लेक्स इबा मार डियोप में रविवार को हुए फाइनल में, 17 वर्षीय भारतीय एथलीट ने 13.59 सेकंड का अपना नया निजी सर्वश्रेष्ठ समय निकाला और तीसरा स्थान हासिल किया। इस फाइनल में कुल 9 एथलीट शामिल थीं।

चीन की झांग केयी ने 13.17 सेकंड के अपने निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि फ्रांस की अन्ना पीटर्स ने 13.57 सेकंड के समय के साथ रजत पदक हासिल किया। इसी के साथ शौर्य अब एथलेटिक्स में यूथ ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला बन गई हैं। कुल मिलाकर, जूनियर स्तर की इस प्रतियोगिता में ट्रैक एंड फील्ड इवेंट में भारत का यह पांचवां पदक है।

सिंगापुर 2010 में, दुर्गेश कुमार पाल ने लड़कों की 400 मीटर बाधा दौड़ में रजत पदक जीता था, जबकि उसी प्रतियोगिता में अर्जुन कुमार ने लड़कों के डिस्कस थ्रो में रजत पदक हासिल किया था। ब्यूनस आयर्स 2018 में, सूरज पंवार ने लड़कों की 5 किमी रेस वॉक में रजत पदक जीता था, और प्रवीण



चित्रवेल ने लड़कों की ट्रिपल जंप में कांस्य पदक हासिल किया था।

इससे पहले, दूसरे सेमीफाइनल में शौर्य अंबुरे ने 13.77 सेकंड का समय निकाला (जो उस समय उनका पर्सनल बेस्ट था)। वह अन्ना पीटर्स (13.62 सेकंड) के पीछे दूसरे स्थान पर रहीं और पदक दौड़ के लिए क्वालीफाई किया।

इससे पहले, शौर्य ने सऊदी अरब के दम्माम में आयोजित एशियन अंडर18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 13.80 सेकंड का समय निकालकर कांस्य पदक जीता था।

डकार 2026 में शौर्य का यह कांस्य पदक एथलेटिक्स में भारत का पहला पदक है। इस प्रतियोगिता में यह भारत का कुल आठवां पदक है, जिससे देश के पदकों की संख्या 3 सिल्वर और 5 कांस्य पदक तक पहुंच गई है। डकार में भारत को तीन रजत पदक मिले, जो जूडो में खुशबू रजाकभाई दरजादा, बैडमिंटन में तन्वी पत्री और बीच रेसलिंग में तानिया ने जीते। तैराकी में दो कांस्य पदक जीतने वाली धिनिधि देसिंघु, उनके साथी तैराक तीर्थंक पेगु और वुशू एथलीट राजकुमारी लंचेंबी चानू भारत के अन्य कांस्य पदक विजेता हैं।

मुशफिकुर टेस्ट में 7000 रन बनाने वाले पहले बंगलादेशी बल्लेबाज बने

ढाका (एजेंसी/चिंगारी)। मुशफिकुर रहीम टेस्ट क्रिकेट में 7000 रन बनाने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ सिलहट में चल रहे टेस्ट मैच के आखिरी दिन यह उपलब्धि हासिल की। लंच के ठीक बाद, उन्होंने रोस्टन चेस की गेंद पर एक रन लेकर इस मुकाम को छुआ।



ऐसा लगा कि उन्हें इस उपलब्धि का पता ही नहीं चला। उन्हें इसका एहसास तब हुआ जब ड्रेसिंग रूम में उनके साथी खिलाड़ी खड़े होकर उनके लिए तालियां बजाने लगे। मुशफिकुर, जो उंगली में चोट लगने के कारण इस सीरीज का पहला टेस्ट नहीं खेल पाए थे, टेस्ट क्रिकेट में 5000 और 6000 रन तक पहुंचने वाले भी बंगलादेश के पहले बल्लेबाज थे। उन्होंने क्रमश: 2022 और 2024 में ये मुकाम हासिल किए थे। टेस्ट क्रिकेट में बंगलादेश के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में मुशफिकुर के बाद मोमिनुल हक दूसरे और संन्यास ले चुके तमीम इकबाल तीसरे नंबर पर हैं। हालांकि, मोमिनुल 5293 रनों के साथ मुशफिकुर से लगभग 2000 रन पीछे हैं। बंगलादेश के लिए सबसे ज्यादा शतक लगाने वालों की सूची में भी मोमिनुल और तमीम, मुशफिकुर के ठीक पीछे हैं। मुशफिकुर के नाम 14 शतक हैं, जिसमें उनका सर्वोच्च स्कोर नाबाद 219 रन है। यह टेस्ट क्रिकेट में किसी बंगलादेशी बल्लेबाज का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था, जिसे हाल ही में सिलहट टेस्ट में तौहीद हृदय ने नाबाद 242 रन बनाकर पीछे छोड़ दिया। मोमिनुल और तमीम के नाम क्रमश: 13 और 10 शतक हैं। 2005 में अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत करने वाले मुशफिकुर बंगलादेश के सबसे अनुभवी टेस्ट क्रिकेटर हैं। वे अपना 107वां टेस्ट खेल रहे हैं।

सिलहट में टेस्ट मैच ड्रॉ, वेस्टइंडीज ने डब्ल्यूटीसी 27 सीरीज अपने नाम की

सिलहट (एजेंसी/चिंगारी)। तौहीद हृदय और मुशफिकुर रहीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए बंगलादेश को वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में ड्रॉ हासिल करने में मदद की। सोमवार को खेले गए इस मैच के आखिरी दिन बंगलादेश की ओर से जोरदार वापसी देखने को मिली। हालांकि, ढाका में खेले गए पहले टेस्ट में आठ विकेट से मिली जीत की बदौलत वेस्टइंडीज ने दो मैचों की यह सीरीज 1-0 से अपने नाम कर ली। 369 रनों के चुनौतीपूर्ण लक्ष्य का पीछा करते हुए, बंगलादेश ने दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 184 रन बनाए। इसमें हृदय ने 82 और मुशफिकुर ने 49 रनों का योगदान दिया। तीसरे विकेट के लिए इन दोनों के बीच हुई 135 रनों की साझेदारी ने बंगलादेश को हार से बचा लिया, जबकि आखिरी दिन की शुरुआत उनके लिए काफी मुश्किल रही थी। इससे पहले, हृदय ने बंगलादेश की पहली पारी में नाबाद 242 रन बनाकर इतिहास रच दिया था। दूसरी पारी में उनके योगदान के साथ, इस मैच में उनके कुल रनों की संख्या 300 के पार पहुंच गई। ऐसा करने वाले वह बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। साथ ही, वे वेस्टइंडीज के खिलाफ एक टेस्ट मैच में 300 या उससे अधिक रन बनाने वाले नौवें बल्लेबाज भी बन गए हैं। आईसीसी रिपोर्ट के अनुसार मुशफिकुर ने भी एक खास उपलब्धि हासिल की। वे टेस्ट क्रिकेट में 7,000 रन पूरे करने वाले बंगलादेश के पहले बल्लेबाज बन गए हैं।



इससे पहले, सुबह के सत्र में जोमेल वारिकन ने तंजीद हसन और कप्तान नजमुल हुसैन शांतो को आउट करके बंगलादेश पर दबाव बना दिया था। इस मैच के दौरान वारिकन ने टेस्ट क्रिकेट में अपने 100 विकेट भी पूरे किए, जो उनके शानदार करियर में एक और बड़ी उपलब्धि है। वेस्टइंडीज ने अपनी दूसरी पारी 398/6 के स्कोर पर घोषित कर दी थी, जिसमें कावेम हॉज ने 142 और केविन विकहम ने 78 रन बनाए।

कुमामोटो मास्टर्स में लक्ष्य सेन, सात्विक-चिराग करेंगे भारतीय चुनौती की अगवाई

टोक्यो (एजेंसी/चिंगारी)। लक्ष्य सेन और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी मंगलवार से शुरू होने वाले कुमामोटो मास्टर्स जापान 2026 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। इस टूर्नामेंट के जरिए वे इस साल के बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेंगे। यह बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट 10 से 15 नवंबर तक कुमामोटो प्रीफेक्चुरल जिम्नेजियम में आयोजित किया जाएगा। इस महीने की शुरुआत में 'हाइलो ओपन' जीतने के बाद, लक्ष्य 'रेस टू फाइनल्स' स्टैंडिंग में आठ स्थान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर आ गए हैं। अब यह भारतीय खिलाड़ी टॉप-8 में जगह बनाने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि वे सीजन के आखिर में होने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर सकें। दुनिया के 13वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य, जिन्हें इस साल आठवीं वरीयता दी गई है, ने पिछले साल कुमामोटो मास्टर्स जापान में भारत की ओर से सबसे अच्छा प्रदर्शन किया था। वे पुरुष एकल के सेमीफाइनल तक पहुंचे थे, जहां उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से तीन गेम के कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा था।

सैंडपेपर के इस्तेमाल पर ख्वाजा का दावा शतप्रतिशत सही-वार्नर

सिडनी (एजेंसी/चिंगारी)। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डविड वार्नर ने 2018 के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर गेंद से छेड़छाड़ के लिए सैंडपेपर के इस्तेमाल और इसी जानकारी पूरी टीम को होने के उस्मान ख्वाजा के दावे का समर्थन करते हुए कहा कि यह शत प्रतिशत सही है। ऑस्ट्रेलियाई दैनिक अखबार सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के सामने ख्वाजा के इन खुलासों ने क्रिकेट जगत में एक बार फिर हलचल मचा दी है। गेंद से छेड़छाड़ की यह घटना आठ साल से भी पहले हुई थी, जिसके चलते उस दौरे पर ऑस्ट्रेलिया के उप-कप्तान रहे डेविड वॉर्नर, कप्तान स्टीव स्मिथ और ओपनर कैमरून बैनक्रॉफ्ट पर प्रतिबंध लगाए गए थे। ख्वाजा के ये दावे, 2021 में ऑस्ट्रेलिया के चार गेंदबाजों - पैट कमिंस, मिशेल स्टार्क, जॉश हेजलवुड और नाथन लियोन - द्वारा जारी किए गए उस संयुक्त बयान के उलट हैं, जिसमें उन्होंने गेंद से छेड़छाड़ के बारे में पहले से कोई जानकारी होने से इनकार किया था। सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट पर किए गए एक वीडियो में, वॉर्नर ने 'सच' सामने लाने के लिए ख्वाजा को धन्यवाद दिया।

सूर्यकुमार यादव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में करेंगे मुंबई की अगुवाई

मुम्बई (एजेंसी/चिंगारी)। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन ने सोमवार को घोषणा की कि भारत को टी-20 विश्व कप जिताने वाले सूर्यकुमार यादव सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2026 में मुंबई की कप्तानी करेंगे। सूर्यकुमार आखिरी बार आईपीएल 2026 में प्रतिस्पर्धी क्रिकेट खेलते नजर आए थे। इस साल की शुरुआत में टीम को टी-20 विश्व कप जिताने के बावजूद, खराब फॉर्म के कारण उन्हें राष्ट्रीय टीम से बाहर कर दिया गया था। कप्तान बनाए जाने के बाद सूर्यकुमार ने कहा, मुंबई का प्रतिनिधित्व करना हमेशा बहुत गर्व की बात होती है। हमारी टीम में अनुभवी खिलाड़ियों और शानदार युवा प्रतिभाओं का अच्छा मिश्रण है। मुझे पूरा भरोसा है कि पूरी टीम एकजुट होकर, पूरे जोश के साथ खेलेगी और हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ देगी।



40 रूपये बढ़ सकते हैं गन्ने के दाम!

रुकन राजपूत

नांगल सोती (चिंगारी)। गन्ने का पेराई सत्र शुरू हो चुका है और गन्ने का भुगतान भी। लेकिन अभी तक सरकार ने गन्ने का राज्य परामर्शी मूल्य (एसएपी) घोषित नहीं किया है। अनुमान है कि इस बार गन्ने के दाम में 40 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि हो सकती है।

अगले साल (2027 में) फरवरी, मार्च में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसलिये किसान सोशल मीडिया के माध्यम से सरकार पर समुचित गन्ना मूल्य वृद्धि का दबाव बना रहे हैं। सत्ताधारी पार्टी बीजेपी भी गन्ना मूल्य के माध्यम से किसानों को चुनाव हेतु साधने का पूरा प्रयास करेगी। किसान गन्ना मूल्य में 100 से 200 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि की मांग कर रहे हैं। पेराई सत्र 2010-11 एवं 2011-12 के लिये बसपा की मायावती सरकार ने तथा सत्र 2012-13 के लिये सपा की अखिलेश सरकार ने 40 रूपये प्रति कुंतल की वृद्धि की थी। इससे ज्यादा मूल्य वृद्धि एक सत्र में कभी नहीं हुई है। 2007 में पूर्ण बहुमत से बनी मायावती सरकार के समय गन्ने का मूल्य 125-130 रूपये प्रति कुंतल था, जबकि अपनी सरकार के अंतिम पेराई सत्र 2011-12 में मायावती सरकार ने गन्ने का मूल्य बढ़ाते-बढ़ाते 240-250 रूपये प्रति कुंतल कर दिया था। अखिलेश सरकार ने अपने 5 साल के कार्यकाल में गन्ने के दाम 65 रूपये प्रति कुंतल बढ़ाये थे। वहीं भाजपा की योगी सरकार ने इस सत्र से पूर्व अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में गन्ने पर कुल 85 रूपये बढ़ाये हैं। भाजपा पिछले 9 वर्षों में एक पेराई सत्र में गन्ने का दाम कभी भी 30 रूपये प्रति कुंतल से ज्यादा नहीं बढ़ा पाई है। किसान जल्द से जल्द राज्य परामर्शी गन्ना मूल्य घोषित करने की मांग उठा रहे हैं। अब देखना है कि गन्ना मूल्य घोषित होने पर गन्ना किसानों की आशायें पूर्ण हो पाती हैं या नहीं।

600 रूपये कुंतल होना चाहिये दाम



ग्राम तिसोतरा निवासी प्रगतिशील गन्ना कृषक तथा गन्ने की तकनीकी खेती के लिये कई प्रतिष्ठित पुरस्कार जीत चुके कुलवीर सिंह प्रधान का कहना है कि उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद, शाहजहांपुर ने गन्ने की लागत 392 रूपये प्रति कुंतल आंकी है। ऐसे में गन्ने का दाम 600 रूपये घोषित नहीं होता है, तो किसान घाटे में रहेगा।



भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का कहना है कि चीनी का दाम 6,000 रूपये प्रति कुंतल से ऊपर है, तो गन्ने का दाम कम से कम 600 रूपये प्रति कुंतल होना चाहिये। जब चीनी के दाम 4,000 रु. प्रति कुंतल थे, तो गन्ने के दाम 400 रु. प्रति कुंतल थे। गन्ने का दाम 600 रु. प्रति कुंतल घोषित हो और अविलंब घोषित हो।

बहन के साथ मारपीट की भाई के सिर में बरछी मारी

हीमपुर दीपा (चिंगारी)। एक कलयुगी भाई ने घर आयी अपनी विवाहित बहन के साथ जमकर मारपीट की। उसके दूसरे भाई ने बहन को बचाने का प्रयास किया तो उसने उसे भी नहीं बख्शा और पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया। थाना क्षेत्र के अकबरपुर तिगरी निवासी गुलफाम ने पुलिस को आपबीती सुनाते हुए बताया कि उसकी बहन नईमा पत्नी छंगा निवासी मोहल्ला शाह चंदन चांदपुर से उसके भाई दिलबहार ने कुछ रकम उधार ली थी, लेकिन वह पिछले 4 वर्ष से उसे टालता आ रहा था सोमवार को वह अचानक गांव आ धमकी। उसे देखते ही उसका भाई दिलबहार आग बबूला हो उठा। दिलबहार और उसकी पत्नी परवीन ने उसे लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया। जब वह उसे बचाने पहुंचा तो उन्होंने उसके सिर में बरछी मार दी।



तालाब में डूबकर बीमार अधेड़ की मौत

नगीना (चिंगारी)। गांव हरगांव चांदन में सोमवार सुबह तालाब में डूबने से 53 वर्षीय विक्रम सिंह की मौत हो गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद शव को तालाब से बाहर निकाला। ग्राम प्रधान ने बताया कि विक्रम सिंह सुबह करीब 5:30 बजे घर से शौच के लिए निकले थे। संभवत पैर फिसलने के कारण वह तालाब में गिर गए। किसी व्यक्ति के डूबने की सूचना पर ग्रामीण मौके पर पहुंचे। गांव के युवाओं की मदद से तालाब से विक्रम सिंह का शव निकाला गया। ग्रामीणों के अनुसार मृतक काफी दिनों से बीमार चल रहा था। मृतक गांव में अपने बेटे तुषार के साथ रहते थे, जबकि उनकी पत्नी पानीपत में रहती हैं। सीओ आलोक सिंह से इस मामले में जानकारी होने से इंकार किया है।

धामपुर शुगर मिल में कल होगा पेराई सत्र का शुभारंभ

धामपुर (चिंगारी)। धामपुर शुगर मिल में कल 11 नवंबर बुधवार को पेराई सत्र 2026-27 का शुभारंभ धार्मिक विधि-विधान एवं पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ किया जाएगा। नए पेराई सत्र के शुभारंभ को लेकर मिल प्रबंधन एवं कर्मचारियों में उत्साह का माहौल है। मिल प्रबंधन द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, प्रात: 10:45 बजे कांटा पूजन के साथ कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ होगा। इसके पश्चात पूर्वाह्न 11:30 बजे केन कैरियर में गन्ना डालने का शुभ मुहूर्त संपन्न होगा। इस शुभ अवसर पर धामपुर शुगर मिल के चेयरमैन कुंवर अशोक कुमार गोयल, मैनेजिंग डायरेक्टर कुंवर गौरव गोयल, उपाध्यक्ष ईशिरा गोयल एवं महाप्रबंधक ईशान गोयल के मार्गदर्शन में नए पेराई सत्र की शुरुआत की जाएगी। आशीष कुमार शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष (यूनिट हेड) ने बताया कि नए पेराई सत्र के शुरू होने से क्षेत्र के गन्ना किसानों को भी नई उम्मीदें हैं। चीनी मिल का संचालन क्षेत्र की आर्थिक गतिविधियों, गन्ना किसानों और हजारों लोगों की आजीविका से जुड़ा हुआ है। ऐसे में नए सत्र का शुभारंभ किसानों और मिल परिवार दोनों के लिए महत्वपूर्ण अवसर माना जा रहा है।

हाथ में फटी बोतल, किशोर हुआ घायल

नहटौर (चिंगारी)। आतिशबाजी छुड़ाने के दौरान कांच की बोतल फटने से 12 वर्षीय किशोर गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे आनन-फानन में सीएचसी अस्पताल पहुंचाया। सोमवार को मोहल्ला जोशियान निवासी बबलू का 12 वर्षीय पुत्र लवकुश कांच की बोतल के अंदर पटाखा रखकर छुड़ा रहा था। अचानक तेज धमाके के साथ कांच की बोतल फट गई और उसके टुकड़े किशोर को जा लगे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।



आवारा कुत्तों ने 11 लोगों को काटा

नहटौर (चिंगारी)। दो दिनों में कुत्तों ने महिला सहित 11 लोगों को काटकर घायल कर दिया। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया गया। सीएचसी पहुंचे घायल विकास (33) पुत्र गजराज निवासी दुर्गा विहार, सलमान (26) पुत्र उस्मान, मौ. आकिल (57), शानू (32) पुत्र शफीक, विजेंद्र (25) पुत्र मुन्ने निवासी बेगराजपुर, पूजा (35) पत्नी अर्जुन टपरौला, सोनू (25) पुत्र रोहिताश पालोजट, नाजरा (29) पुत्री फारूक निजातपुर, संदीप (32) पुत्र राजेंद्र कश्मीरी, लवकुश (26) व शुभम (34) पुत्र विजेंद्र शामिल हैं। लोगों का आरोप है कि मोहल्लों में कुत्तों के झुंड घूम रहे हैं, बच्चों का निकलना मुश्किल है। लोगों ने नगर पालिका से कुत्तों को पकड़ने की मांग की।

51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारियां तेज



गायत्री महायज्ञ के आयोजन की तैयारी करते साधक।

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उदयपुर में 12 नवंबर से शुरू होने जा रहे चार दिवसीय 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ को लेकर आयोजकों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है। गायत्री परिवार से जुड़े स्थानीय लोग कार्यक्रम को भव्य एवं दिव्य स्वरूप देने के प्रयास में जुटे हुए हैं। भूमि पूजन उपरांत कार्यक्रम स्थल को समतल करने, साफ-सफाई, सौंदर्यीकरण और यज्ञशाला निर्माण का कार्य जारी है। साधकों नरेश, यतेंद्र व गुणवंत आदि ने बताया कि हवन कुंडों की स्थापना के लिए यज्ञ स्थल को चार वर्गों में विभाजित किया गया है। उन्होंने बताया कि शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में आयोजित इस महायज्ञ का शुभारंभ 12 नवंबर को कलश यात्रा के साथ होगा। 13 व 14 नवंबर को ध्यान, योग, प्राणायाम, देव पूजन एवं विभिन्न संस्कार कार्यक्रम आयोजित किए जाने उपरांत 15 नवंबर को पूर्णाहुति, विदाई के साथ कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

त्यौहार की रात बदबू से बेहाल रहा खेड़ा

बिजनौर (चिंगारी)। ग्राम पंचायत बाजिदपुर के गांव खेड़ा में नहर किनारे खुले में मृत पशु डाले जाने का मामला ग्रामीणों के लिए बड़ी मुसीबत बना हुआ है। मृत पशुओं से उठने वाली तेज दुर्गंध ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। हालात ऐसे रहे कि दीपावली पर भी ग्रामीणों की रात परेशानी में गुजरी। घरों में खाना बनाना और बैठना तक मुश्किल हो गया। कुछ ग्रामीणों ने सिरदर्द और गले में परेशानी की शिकायत भी की। वहीं, खुले में मृत पशु पड़े रहने से संक्रमण और बीमारियों का खतरा भी बना हुआ है। लगातार बढ़ती परेशानी से तंग आकर रात करीब 8 से 10 बजे के बीच ग्रामीण एकत्रित हुए और नहर किनारे मृत पशुओं के पड़े होने वाले स्थान पर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। कुछ देर बाद पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तत्काल समस्या का समाधान नहीं हो सका। इसके बाद ग्रामीणों ने भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पूर्व जिलाध्यक्ष सोनू चौधरी से संपर्क किया। सोनू चौधरी ने तत्काल जिलाधिकारी बिजनौर को फोन कर पूरे मामले से अवगत कराया। इतना ही नहीं, वह रातभर फोन के माध्यम से ग्रामीणों के संपर्क में बने रहे और उनकी समस्या को लेकर लगातार सक्रिय रहे। इसके बाद हल्दौर खंड विकास अधिकारी का फोन ग्रामीणों के पास पहुंचा। ग्राम पंचायत सचिव ने भी संपर्क किया, लेकिन समस्या का तत्काल समाधान नहीं हो पाया। वहीं, ग्रामीणों के मुताबिक रात में राष्ट्रीय लोकदल के एक-दो नेताओं से भी संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुई। हालांकि, सुबह सांसद चंदन चौहान के प्रतिनिधि विजय चौहान ने कॉल बैक किया। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य खराब होने के कारण रात में फोन नहीं उठा सके। साथ ही आश्वासन दिया कि समस्या का समाधान कराने का प्रयास किया जाएगा।



सोनू चौधरी

मौसम चौधरी ने रात में ही उठाया फोन

ग्रामीणों ने भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी से भी संपर्क किया। उन्होंने रात में ही फोन रिसीव किया। हालांकि, जिले से बाहर होने के कारण वह तत्काल मौके पर पहुंचने में असमर्थ रहे, लेकिन उन्होंने सुबह तक समस्या का समाधान कराने का आश्वासन दिया।

अब आश्वासन नहीं, समाधान का इंतजार!

ग्रामीणों की मांग है कि नहर किनारे खुले में मृत पशु डालने पर तत्काल रोक लगाई जाए और वहां पड़े मृत पशुओं का उचित निस्तारण कराया जाए, ताकि गांव के लोगों को इस असहनीय दुर्गंध और संभावित बीमारियों के खतरे से राहत मिल सके।

स्वदेशी जागरण मंच ने मनाई दत्तोपंत ठेंगड़ी की जयंती

बिजनौर (चिंगारी)। आज प्रात: डी ए वी कालेज बिजनोंर के गोलवलकर कक्ष , जिला स्वाबलंबन केंद्र में स्वदेशी जागरण मंच की जिला टोली ने मंच के संस्थापक दत्तोपंत ठेंगड़ी के चित्र पर पुष्पार्चन कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री विपिन गुप्ता अध्यक्ष फ़र्टिलाइज़र एसोसिएशन बिजनौर ने की। मुख्य वक्ता प्रान्त संयोजक प्रशान्त महर्षि ने विस्तार से ठेंगड़ी जी का जीवन वृत रखा और उनके जीवन से प्रेरणा लेकर स्वदेशी विचारधारा को और आगे बढाने का आह्वाहन किया। उन्होंने बताया कि व्यक्ति या तो विचारक, या कुशल संगठन कर्ता, या कुशल नेतृत्व कर्ता होता है लेकिन ठेगड़ी जी में ये तीनों ही गुण थे। अनेक पुस्तके इन्होंने हिंदी, अंग्रेजी, मराठी भाषा मे लिखी। मज़दूर संघ, किसान संघ, स्वदेशी जागरण मंच, सहकार भारती, समरसता मंच , विद्यार्थी परिषद के गठन में प्रमुख भूमिका में रहे और 2 बार राज्यसभा के सदस्य रहे, परंतु सदा सामान्य कार्यकर्ता के रूप में समाज का नेतृत्व किया। कार्यक्रम में जिला संयोजक अजय वत्स, सतीश त्यागी, कौशल किशोर शर्मा, राजेश अरोड़ा, दीपक अरोड़ा , श्रीमती रीता शर्मा, श्रीमती सुमन सैनी आदि आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



राज्य निर्माण सेनानियों को सम्मानित किया

ऋषिकेश (चिंगारी)। उत्तराखंड राज्य निर्माण सेनानियों की एक बैठक आईएसबीटी परिसर ऋषिकेश शहीद स्मारक भवन में आहूत की गई। बैठक में राज्य स्थापना दिवस के 26 वर्ष पूरे होने पर सांस्कृतिक प्रोग्राम किए गए राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन के सहयोग से राज्य निर्माण सेनानियों को तहसीलदार प्रदीप नेगी, उनकी टीम के द्वारा सम्मानित किया गया। शहीदों को याद करते हुए उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गई। सरकार से सहयोग की भी अपेक्षा की गई। सम्मानित होने वाले राज्य निर्माण सेनानियों में शहीद स्मारक समिति के अध्यक्ष डी एस गुसाईं, बलवीर सिंह नेगी, श्रीमती रामेश्वरी चौहान, लक्ष्मी बूढ़ा कोठी, गंभीर सिंह, मेवाड़, के के बिजवान, संजय शास्त्री, राजेश शर्मा पत्रकार, चंदन सिंह पवार, गुलाब सिंह रावत, श्रीमती उषा रावत, कमला पोखरियाल, जयंती नेगी, चैता कंडवाल, विभाग कोटनला, सतीश्वरी मनोरी, पूर्व महापौर अनीता ममगाई, पूर्व पार्षद राकेश सिंह मियां, रमेश रतूड़ी चंदन सिंह पवार लगभग 160 लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में तहसीलदार ऋषिकेश प्रदीप नेगी एवं उनकी टीम का भी राज्य निर्माण सेनानियों ने स्वागत किया। उक्त अवसर पर पूर्व महापौर अनीता ममगाई द्वारा मिष्ठान वितरण भी किया गया। पूर्व महापौर अनीता ममगाई का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में रुक्म पोखरियाल, युद्धवीर सिंह चौहान, हरि सिंह नेगी, दयाराम रतूड़ी, धर्मराज पुंडीर, सुशील चमोली, जगदंबा प्रसाद भट्ट, बृजेश डोभाल, विशंभर दत्त डोभाल, महेंद्र बिष्ट, जगदीश प्रसाद भट्ट, प्रेमा नेगी, अंजू गैरोला, पार्वती रतूड़ी, मंजू भट्ट, दीपा नेगी, आशा सेमवाल, आदि उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बलबीर सिंह नेगी व संचालन डी एस गुसाईं ने किया।



आतिशबाजी के बाद केएम में मिले गड्ढे व कूड़े के ढेर

धामपुर (चिंगारी)। दीपावली के पर्व का मुख्य आकर्षण आतिशबाजी बेचने के लिए पुलिस प्रशासन और अग्निशमन विभाग द्वारा के एम इंटर के मैदान को चिन्हित किया गया था। जहां पर लगभग 50 स्टाल लगाकर आतिशबाजी बेची गई थी। इस आतिशबाजी के स्टाल लगाने के लिए के एम इंटर कॉलेज प्रबंध समिति द्वारा मोटी रकम वसूली गई परंतु दीपावली का पर्व संपन्न होने के बाद यहां आने वाले क्रिकेट प्रेमियों व नागरिकों को मिला कुंड़ा और गंदगी का ढेर। के एम इंटर कॉलेज में प्रतिदिन प्रात: काल नगर एवं क्षेत्र के क्रिकेट प्रेमी क्रिकेट खेलने के लिए आते हैं इनके अलावा मॉर्निंग वाक करने वाले युवक यहां पर योग आसान और व्यायाम करते हैं परंतु आज जब लोग मैदान में पहुंचे तो वहां उन्हें गंदगी और कूड़े का ढेर मिला जिससे उनमें रोष व्याप्त हो गया। समाजसेवी चौधरी प्रशांत कुमार सिंह एडवोकेट ने कॉलेज प्रबंध समिति से मैदान की साफ-सफाई करने और फील्ड में हुए गड्ढों को भरवाने की मांग की है। उनका कहना है कि यह स्थान नगर के बिल्कुल पास सुरक्षित एरिया में है, इसलिए यहां की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

साप्ताहिक बाजार में ई-रिक्शाओं व बड़े वाहनों के आने पर रोक की मांग

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। साप्ताहिक बाजार में ई-रिक्शाओं सहित बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगाने की ग्राम प्रधान सहित अनेक ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है। ग्राम पंचायत कासमपुर गढ़ी व सीरवासुचंद में बुधवार को संयुक्त रूप से लगने वाले साप्ताहिक बाजार में आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी हेतु स्थानीय ग्रामीणों एवं आसपास के कई गांवों के लोगों की भारी भीड़ रहती है। इस भीड़ के बीच बड़े वाहनों एवं ई-रिक्शाओं के गुजरने से लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है साथ ही हादसों का डर भी बना रहता है। सीरविसुचंद के प्रधानपति शकील अहमद ने बताया कि इस साप्ताहिक बाजार के उत्तर व दक्षिण दोनों दिशाओं में ई-रिक्शाओं व बड़े वाहनों के गुजरने के लिए बाजार स्थल से अतिरिक्त अन्य रास्ते भी मौजूद है यदि बड़े वाहन चालक अथवा ई-रिक्शा चालक इस भीड़ से बचकर दोनों गांवों के किसी भी गली मोहल्ले में जाना चाहे तो बाजार की भीड़ से बचकर दाएं-बाएं के रास्तों से आसानी से गुजर सकते हैं, मगर बड़े वाहनों व ई-रिक्शाओं का भीड़ के बीच से गुजरना आम बात सी हो गई है। ग्राम प्रधान जुबैदा शकील, उनके पति शकील अहमद सहित कई पंचायत सदस्यों, बीडीसी मेम्बर्स एवं अनेक ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से इस साप्ताहिक बाजार के दिन बाजार स्थल में ई-रिक्शाओं व बड़े वाहनों के प्रवेश पर कड़ाई से रोक लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में कासमपुर वाली पुलिस चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक मनवीर सिंह ने कहा कि आम जनता की सुविधानुसार व्यवस्था बनाने का प्रयास किया जाएगा।

अयोध्या के आसमान में फिर साकार हुई रामायण, 2100 ड्रोन ने बिखेरी छटा

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। दीपोत्सव की रौनक के बाद जमघट के मौके पर सोमवार की शाम अयोध्या के आसमान में एक बार फिर तकनीक और आस्था का अनूठा संगम देखने को मिला। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग की ओर से अयोध्यावासियों के लिए 2100 स्वदेशी ड्रोन के जरिए विशेष शो का आयोजन किया गया। इसमें आसमान पर उभरी रामायण के विभिन्न प्रसंगों ने लोगों को आकर्षित किया। दीपोत्सव के मुख्य आयोजन में सात नवंबर को प्रस्तुत किया गया था, यह ड्रोन शो सोमवार को एक बार फिर स्थानीय लोगों के लिए आयोजित किया गया। करीब 2100 ड्रोन ने एक साथ उड़ान भरकर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण और हनुमान जी की भव्य आकृतियां बनाईं। इसके बाद रावण वध, पुष्पक विमान और भगवान श्रीराम की अयोध्या वापसी के दृश्य आसमान में साकार हुए। राम दरबार और श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की आकृतियां भी आकर्षण का केंद्र रहीं। इस भव्य आयोजन के अवसर पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ खंडपीठ की न्यायमूर्ति, बबीता रानी सहित अन्य गणमान्य अतिथि एवं वरिष्ठ अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे और इस अद्भुत छटा के साक्षी बने। इस प्रस्तुति में रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि और रामचरितमानस के रचयिता गोस्वामी तुलसीदास को भी स्थान दिया गया। संगीत और कथावाचन के बीच ड्रोन की बदलती आकृतियों के जरिए रामायण के प्रसंगों को क्रमबद्ध तरीके से दिखाया गया। रोशनी और आधुनिक तकनीक के तालमेल ने प्रस्तुति को और प्रभावशाली बना दिया। दीपोत्सव के दौरान देश-दुनिया के पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बना यह ड्रोन शो जमघट पर अयोध्या के स्थानीय निवासियों के लिए फिर से देखने का अवसर लेकर आया। विशेष आयोजन के जरिए पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव की उत्सवी छटा को एक और शाम तक बनाए रखा।

गोरखनाथ मंदिर में 11 हजार दीपों से जगमगाया भीम सरोवर

शहीदों को नमन कर सीएम योगी ने जलाया दीप

गोरखपुर (एजेंसी/चिंगारी)। दीपावली पर गोरखनाथ मंदिर में सोमवार को 'एक दिया शहीदों के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने भीम सरोवर के पास दीप प्रज्वलित कर देश के अमर शहीदों को नमन किया। इस दौरान 11 हजार मिट्टी के दीप जलाए गए। दीपों की रोशनी से भीम सरोवर का पूरा परिसर जगमगा उठा। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम का शुभारंभ दीप जलाकर किया। इसके बाद अमर शहीदों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने देश की रक्षा और सम्मान के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले वीर जवानों के त्याग, साहस और समर्पण को याद किया। शहीदों के सम्मान में जलाया गया हर दीप उनके सर्वोच्च बलिदान के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बना।



भीम सरोवर के चारों तरफ कतारबद्ध जलाए गए 11 हजार दीपों से अद्भुत दृश्य नजर आया। दीपों की सुनहरी रोशनी और मंदिर का आध्यात्मिक वातावरण लोगों को भावविभोर करता रहा। दीपावली की खुशियों के बीच इस आयोजन ने लोगों को वीर जवानों के बलिदान का स्मरण कराया। इस अवसर पर गोरखनाथ मंदिर के मुक्ताकाशी मंच पर देशभक्ति से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। स्थानीय कलाकारों ने देशभक्ति गीतों और संगीत प्रस्तुतियों के माध्यम से जवानों के शौर्य और बलिदान को याद किया। युवाओं और बच्चों ने भी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए अमर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम का आयोजन गोरखनाथ मंदिर और भोजपुरी एसोसिएशन ऑफ इंडिया (भाई) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ. राकेश श्रीवास्तव हैं। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को देश के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग से परिचित कराना है।

आईएचएमएस में हुआ भव्य 'रंगरेज' समारोह का आयोजन

छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं



कोटद्वार (चिंगारी)। इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज (आईएचएमएस) में आयोजित कल्चर नाइट रंगरेज में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से देश के सभी प्रांतों की लोक संस्कृति से दर्शकों को परिचय कराया। देर रात तक छात्र-छात्राएं और दर्शक एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों पर झूमते रहे।

बीईएल रोड बलभद्रपुर स्थित आईएचएमएस कॉलेज परिसर में आयोजित समारोह का बतौर मुख्य अतिथि कोटद्वार महापौर शैलेंद्र सिंह रावत, कॉलेज के प्रबंध निदेशक बीएस नेगी, कार्यकारी निदेशक अजय राज नेगी और डायरेक्टर पूर्णिमा नेगी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। अपने संबोधन में महापौर ने लोक संस्कृति को लेकर किए गए आयोजन के लिए कॉलेज प्रबंधन की प्रशंसा की। उन्होंने छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को दीपोत्सव की शुभकामनाएं देते हुए लोक संस्कृति के संवर्धन और संरक्षण के लिए कार्य करने की अपील की।

समारोह का शुभारंभ ईश वंदना से किया गया। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने गढ़वाली, पंजाबी, राजस्थानी, हरियाणवी सहित देश के विभिन्न प्रांतों की लोक संस्कृति से संबंधित नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने गायन, शायरी और हास्य नाटक में भी अपनी प्रतिभा का बेहतर प्रदर्शन किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में निर्णायकों द्वारा दिए गए अंकों के आधार पर समूह गायन प्रतियोगिता में गढ़वाली गीत के लिए सुधांशु नेगी, यश त्यागी, चंद्रशेखर, शीतल, सिद्धार्थ, और दीपाली के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। समूह नृत्य प्रतियोगिता में गढ़वाली लोक नृत्य के लिए आकृति, आदि, जानवी, रिंकिता, त्रिशा, अनामिका, साक्षी और श्रृष्टि के ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि लावणी नृत्य के लिए कल्पना, सुनिधि, अदिति, वनिता और साक्षी के ग्रुप ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सोलो सिंगिंग प्रतियोगिता में श्रीयश ने पहला स्थान प्राप्त किया। शायरी में सुधांशु सिंह ने प्रथम, स्थान प्राप्त किया। एक्स फेक्टर प्रतियोगिता में कृष्णा और तुषार प्रथम स्थान पर रहे। समारोह में बेहतर प्रदर्शन के लिए मुख्य अतिथि शैलेंद्र सिंह रावत और कॉलेज के एमडी बीएस नेगी ने प्राध्यपक वर्ग में असिस्टेंट प्रोफेसर अंकित कुकरेती और नॉन टीचिंग वर्ग में स्टोर कीपर ब्रिजेंद्र सिंह रावत को श्रेष्ठ कर्मचारी का अवार्ड दिया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अश्वनी शर्मा, जन संपर्क अधिकारी नरेश थपलियाल, मैनेजमेंट के विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र जगवान, कंप्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष अनुराग सेमवाल, कार्यक्रम संयोजक असिस्टेंट प्रोफेसर सपना रौथान नेगी सहित कॉलेज के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

गुरु राम पब्लिक स्कूल में शरदकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न

कोटद्वार (चिंगारी)। सनेह क्षेत्र स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल लालपानी की शरदाकालीन क्रीड़ा प्रतियोगिताएं सम्पन्न हो गई है। खेल प्रतियोगिता के अंतिम दिन आयोजित सीनियर वर्ग फुटबॉल प्रतियोगिता में रमन सदन को हराकर आर्यभट्ट सदन विजयी रहा। रस्सा-कस्सी बालक और बालिका वर्ग में भाभा सदन विजयी रहा। अन्य प्रतियोगिताओं में सीनियर वर्ग बालिका वर्ग कबड्डी में भाभा सदन ने आर्यभट्ट सदन को पराजित कर जीत हासिल की, बालक वर्ग में भाभा सदन को हराकर रामानुजन सदन विजयी रहा। खो-खो जूनियर वर्ग में भाभा सदन विजेता, रमन सदन उपविजेता रहा। प्री प्राइमरी जंप एण्ड सिट रेस में कक्षा नर्सरी बालिका वर्ग में समीक्षा, सानवी नेगी, अनविका, एलकेजी बालक वर्ग में अर्थव, मयंक, दिव्यांश, यूकेजी बालक वर्ग में शिवम, अथर्व भंडारी, अनिरूद्ध ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जूनियर वर्ग कुर्सी दौड़ बालिका वर्ग में अंतरा प्रथम, सृष्टि द्वितीय, दिव्या तृतीय स्थान पर रही, बालक वर्ग में आरव रावत प्रथम, नीरज, रौनक रावत ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

समापन समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. गिरीश उनियाल ने छात्र-छात्राओं से खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने की अपील करते हुए कहा कि खेल व्यक्ति को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने, शारीरिक रूप से विकसित करने में अहम भूमिका निभाता हैं। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

दीपावली पर एमवीएम स्कूल में आयोजित हुआ रंगारंग कार्यक्रम

कोटद्वार (चिंगारी)। बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में दीपावली के अवसर पर विभिन्न रचनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान कक्षा एक और दो के विद्यार्थियों के लिए चित्रकला, कक्षा तीन से पांच तक सजावटी दीपक निर्माण, कक्षा छह से आठ तक दीप सजावट प्रतियोगिता आयोजित की गई। वहीं कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों के बीच अंतरसदनीय रंगोली प्रतियोगिता हुई। चित्रकला प्रतियोगिता में वान्या रावत, अनन्या, लक्ष्य गुसाईं क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। सजावटी दीपक निर्माण में कृष्णा, सान्वी, आद्विक ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तीसरा स्थान प्राप्त किया। दीप सजावट प्रतियोगिता में अर्पिता देवरानी, जस्मीन, वंश क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय रहे। रंगोली प्रतियोगिता में पराशर, वशिष्ठ और व्यास सदन संयुक्त रूप से प्रथम, नारायण सदन द्वितीय स्थान पर रहा। अंत में प्रधानाचार्य संजीव पांडेय ने विजेताओं को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागियों की सराहना की।

कर्मचारियों ने मनाया दीपावली का त्यौहार

कोटद्वार (चिंगारी)। आईटीडीए कम्प्यूटर संस्थान, बुरान्स कोचिंग क्लासेस तथा अमेरिकन इंस्टीट्यूट आफ इंग्लिश लैंग्वेज के सयुंक्त तत्वावधान में दीपावली पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ नंदकिशोर जखमोला ने संस्थान के कर्मचारियों को शुभकामनाएं देते हुए दीपावली को असत्य पर सत्य की जीत बताया तथा सभी से मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु राम के पद चिन्हों पर चलने का आह्वान किया। तत्पश्चात समस्त कर्मचारियों को मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम में अनीता जखमोला, अरविन्द दुदपुड़ी, भारत रावत, स्वाति कंडवाल नितेश रावत, सौरभ घनसेला और अंशिका डंगवाल सहित समस्त छात्र छात्रा उपस्थित रहे।

एमकेबीएन को देवभूमि की थीम पर सजाया गया

कोटद्वार (चिंगारी)। देवी रोड स्थित एमकेवीएन इंटरनेशनल स्कूल में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर को देवभूमि की थीम पर सजाया गया था। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया रैंप वॉक रहा। उत्तराखंड के पारंपरिक पहनावे रंगीली पिछौड़ी, घाघरा-चोली, कुमाऊंनी और गढ़वाली टोपी व सदरी में सजे-धजे बच्चों ने जब पारंपरिक वाद्य यंत्रों की धुन पर रैंप पर वॉक किया, तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों ने रैंप वॉक के जरिए उत्तराखंड के विभिन्न अंचलों की वेशभूषा और संस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक ने सभी को 26वें राज्य स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई प्रेषित की। मौके पर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के अमर शहीदों को भी नमन किया गया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य ज्योति कुलाश्री, कॉर्डिनेटर रचना, उपनिदेशक सोनम कोठारी, श्वेता गोयल, शोभा रावत, आरती नेगी और सोनम जखमोला सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

इंकाइयों ने मनाया राज्य स्थापना दिवस

आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की

कोटद्वार (चिंगारी)। राज्य स्थापना दिवस पर जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में राज्य निर्माण आंदोलन के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों को श्रद्धांजलि की गई। वक्ताओं ने कहा कि उत्तराखंड राज्य का निर्माण लंबे संघर्ष और अनेक आंदोलनकारियों के त्याग का परिणाम है। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेन्द्र सिंह नेगी ने कहा कि उत्तराखंड राज्य केवल एक भौगोलिक इकाई नहीं, बल्कि यहां के लाखों लोगों के संघर्ष, भावनाओं, आकांक्षाओं और बलिदान का प्रतीक है। अलग राज्य की मांग इसलिए उठी थी ताकि पर्वतीय क्षेत्रों की विशिष्ट परिस्थितियों को समझते हुए यहां के लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास के बेहतर अवसर मिल सकें। राज्य आंदोलनकारियों ने जिस सपने के साथ संघर्ष किया था, उस सपने को साकार करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। कहा कि राज्य गठन के 26 वर्ष पूरे होने के बाद आज आत्ममंथन करने की आवश्यकता है कि क्या हम उस उत्तराखंड का निर्माण कर पाए हैं, जिसकी कल्पना हमारे आंदोलनकारियों ने की थी। महानगर अध्यक्ष मीना बछवाण ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलन में मातृशक्ति, युवाओं, विद्यार्थियों और कर्मचारियों की भूमिका ऐतिहासिक रही है। उनके संघर्ष और योगदान को भी याद रखा जाना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में सभी कांग्रेसजनों ने राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए प्रदेश की खुशहाली, समृद्धि और सर्वांगीण विकास के लिए संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीन रावत, प्रदेश सचिव विजय रावत, पार्षद सूरज कांति, पूर्व यूथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष अमित राज और महामंत्री उपेंद्र सिंह नेगी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन शामिल रहे।

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना दिवस पर चलाया स्वच्छता अभियान



कोटद्वार (चिंगारी)। उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर राइका कोटद्वार में राष्ट्रीय सेवा योजना का एक दिवसीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान सहित विभिन्न गतिविधियों में प्रतिभाग किया। इस मौके पर राज्य आंदोलनकारी डॉ. पदमेश बुडाकोटी ने विस्तारपूर्वक छात्र-छात्राओं को उत्तराखंड राज्य आंदोलन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लंबे जन संघर्ष और अनेक शहादतों के बाद पृथक उत्तराखंड राज्य अस्तित्व में आया है। अब इसे सजाने व संवारने के लिए नई पीढी को आगे आना होगा। शिविर में प्रधानाचार्य मुकेश रावत एवं रासेयो प्रभारी डबल सिंह रावत ने कहा कि राष्ट्र एवं समाज के विकास में स्वयंसेवियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। स्वयं से पहले आप के आदर्श का पालन करते हुए वह राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान सुनिश्चित करें। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। शिविरार्थियों ने उत्तराखंड के विकास पर केंद्रित भाषण और लोक संस्कृति से संबंधित नृत्य व गीत गतिविधियों में भी भाग लिया। शिविर में संगीत शिक्षक प्रणव रावत भी उपस्थित थे।

राज्य आंदोलनकारियों ने स्थापना दिवस कार्यक्रम का किया बहिष्कार

नैनीताल (चिंगारी)। कल नौ नवम्बर को उत्तराखंड का राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। 26 बरस के हो चुके इस नौजवान प्रदेश में आज हम कहां पहुंचे हैं। ये बड़ा सोचनीय सवाल है। पर्यटन प्रदेश में पर्यटन के लिए ही अब तक कोई नीति नहीं है। आगंतुकों को पर्यटक स्थलों में घुसने नहीं दिया जा रहा है। नैनीताल में राज्य स्थापना महोत्सव का राज्य आंदोलनकारियों ने बायकाट कर दिया, जिसमे सभी दलों के आंदोलनकारी शामिल रहे। उनका कहना था कि राज्य आंदोलन के दौरान शहीद हुए लोगों को उचित सम्मान नहीं दिया गया। नेताओं को पांच से अधिक पेंशन दी जा रही है, जबकि आंदोलनकारियों को केवल 5000 देकर इतिश्री कि जा रही हैं। कुल मिलाकर राज्य के 1700 से अधिक गांव घोस्ट विलेज हो चुके हैं। बड़े स्तर पर आज भी प्रदेश से पलायन जारी है।सरकार पीने के पानी का



कोई पुख्ता इंतजाम आज तक नहीं कर पायी है। ज्योलिकोट में दूषित पानी पीने से लोग मर खप रहे हैं। सरोवर नगरी में भी लम्बे समय से सीवर का दूषित जल झील में गिरता रहता है। जो कि पीने के पानी का मुख्य जरिया है। हल्द्वानी में भी गौला नदी रानीबाग़ में शवदाह स्थल से होकर ही गुजरति है। लेकिन यहाँ भी किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही शासन, प्रशासन जागेगा। आटा चक्की जैसे अनेक रोजगार परक आमजन की योजनाओं को उद्यमिता विकास से जोड़कर करोड़ों के औद्योगिकरण निवेश की गाथा सुनाई जा रही है। शिक्षा, बेरोजगारी, स्वच्छ जल,स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदेश में बदहाल हैं।

प्रदेश सरकार की कार्यशैली से व्यापारी संगठन भी नाखुश - व्यापार मण्डल

मां नयना देवी नैनीताल व्यापार मण्डल के अध्यक्ष पुनीत टंडन भी राज्य स्थापना दिवस पर किये जा रहे प्रशासनिक आयोजनों से खासे ख़फ़ा नज़र आये। उन्होंने कहा कि खनन का बोलबाला है.. और उत्तराखंड को देश विदेश में उत्कृष्ट छवि दे सकने वाले व असीम क्षमता रखने वाले पर्यटन उद्योग का हनन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि यह खनन एक प्रतिकात्मक शब्द है जो बहुत सी ऐसी बातें समेटता है जिसमें सभी सरकारों द्वारा उत्तराखंड में योजनाओं का हनन-कृत्य किया गया और जो उत्तराखंड में आजतक बदस्तूर जारी है। जबकि पर्यटन योजनाओं के अधिकाधिक क्रियान्वयन से प्रदेश में पलायन भी रुकेगा व रोजगार भी बढ़ेगा। नैनीताल नगरपालिका के पूर्व चेयरमेन संजय कुमार संजू ने कहा कि युवा हो चुके उत्तराखंड में भ्रष्टाचार अधिक हावी हो चुका है। जिसमें सत्तासीन नेताओं द्वारा अपनों को उपकृत करने का बड़ा जरिया मिल गया है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य, बेरोजगारी पर भी बड़े सवाल किये। युवा नेता मनमोहन कर्नवाल ने भी ऐसे आयोजनों पर बड़े प्रश्नचिन्ह लगाए और बढ़ते भ्रष्टाचार पर भी चिंता व्यक्त की।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों के परिजनों एवं राज्य आंदोलनकारियों को किया सम्मानित



मसूरी (चिंगारी)। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने उत्तराखण्ड के 26वें राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद मसूरी के टाउन हॉल में आयोजित सम्मान समारोह में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आंदोलन में शहीद हुए वीर बलिदानियों के परिजनों एवं राज्य आंदोलनकारियों को सम्मानित किया।

कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने राज्य आंदोलन के अमर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आंदोलनकारियों के संघर्ष, त्याग और बलिदान को नमन किया। उन्होंने राज्य निर्माण आंदोलन के दिनों को याद करते हुए कहा कि उत्तराखण्ड राज्य का गठन लंबे संघर्ष और अनेक आंदोलनकारियों के बलिदान का परिणाम है। राज्य निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले वीर बलिदानियों और आंदोलनकारियों के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि मसूरी की छह प्रमुख सड़कों के नाम राज्य आंदोलनकारियों के नाम पर रखे जाने की दिशा में भी शीघ्र कार्य किया जाएगा, ताकि आने वाली पीढ़ियां उनके संघर्ष और योगदान को सदैव याद रख सकें। उन्होंने उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को भी याद किया और कहा कि उनके नेतृत्व में उत्तराखण्ड राज्य गठन का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया। कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि उत्तराखण्ड ने अपने गठन के 26 वर्षों में विकास के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति की है और कई क्षेत्रों में अग्रणी स्थान हासिल किया है। राज्य बनने के बाद आधारभूत संरचनाओं (इन्फ्रास्ट्रक्चर) के विकास के चलते कृषि का क्षेत्रफल जरूर घटा है, लेकिन कृषि उत्पादों के उत्पादन में कई गुना वृद्धि हुई है। यह राज्य के किसानों की मेहनत और आधुनिक कृषि तकनीकों का परिणाम है।

राष्ट्रपति भवन की शोभा बढ़ाएगी उत्तराखंड की समृद्ध कला ऐपण

नैनीताल (चिंगारी)। देवभूमि उत्तराखंड की लोक कला ऐपण अब देश की ऐतिहासिक धरोहर राष्ट्रपति भवन में अपनी समृद्ध परंपरा की विरासत के साथ दिखाई देगी। नैनीताल निवासी राष्ट्रीय पुरस्कार एवं उत्तराखंड शिल्प रत्न पुरस्कृत ऐपण कलाकार मंजू रौतेला एवं हल्द्वानी निवासी हेमलता कबडवाल ने पुन: एक बार नैनीताल एवं देवभूमि उत्तराखंड की लोक कला का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रपति भवन सांस्कृतिक केंद्र में आयोजित आर्टिस्ट इन रेजिडेंस कार्यक्रम में देश भर से चयनित 6 राज्यों की लोक कला की जानकार कलाकारों ने कैनवास पर अपने प्रदेशों की लोक कला का चित्रण



किया। इसमें देवभूमि की समृद्ध लोक कला ऐपण को भी शामिल किया गया था। मंजू रौतेला ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में 22 अक्टूबर से 6 नवंबर तक विभिन्न राज्यों के कलाकारों ने अपने-अपने प्रदेश की कलाकृतियां पर काम किया। विकसित भारत 2047 की थीम पर आधारित यह कार्यक्रम राष्ट्रपति सचिवालय के कला एवं संग्रहालय अनुभाग की ओर से आयोजित किया गया था। देश भर के छह राज्यों से राष्ट्रपति भवन पहुंचे कलाकारों ने भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत एवं विकास को प्रदर्शित करने वाले चित्रों को अपनी लोक कला के साथ समाहित किया जाना था। जिसके लिए देशभर की विभिन्न कलाकृतियों एवं शैलियों को एक ही मंच पर लाया गया। नैनीताल की मंजू रौतेला के साथ ही हल्द्वानी की हेमलता कबडवाल ने इस आयोजन में एक टीम के रूप में बेहतरीन कलाकृति निर्मित की। मंजू रौतेला ने ऐपण कला से स्वनिर्मित लक्ष्मी चौकी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके साथ ही राष्ट्रपति द्वारा राष्ट्रपति भवन के स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र प्रदान कर कलाकारों से कलाकृतियों के संबंध में संवाद भी किया।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने किया राज्य निर्माण के शहीदों को नमन

देहरादून (चिंगारी)। उत्तराखंड राज्य निर्माण की वर्षगांठ पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने देहरादून के कचहरी स्थित शहीद स्थल पहुंचकर राज्य आंदोलन के शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किये। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण एवं बडी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि हम सभी शहीदों को शत्-शत् नमन करते हैं, जिन्होंने इस आन्दोलन में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि अलग उत्तराखण्ड राज्य निर्माण का सपना आन्दोलन के शहीदों की शहादत के कारण साकार हो पाया। उत्तराखण्ड राज्य शहीद आन्दोलकारियों की धरोहर है जिन्होंने राज्य निर्माण के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य आन्दोलन में मातृ शक्ति, छात्र शक्ति, युवा शक्ति ने महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया जिसे उत्तराखण्ड



के इतिहास में सदैव याद किया जाता रहेगा। राज्य निर्माण आन्दोलन में मसूरी, खटीमा तथा मुज्जफरनगर के गोलीकाण्ड के शहीदों की बडी भूमिका रही है जिसने राज्य निर्माण आन्दोलन को मुकाम तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड राज्य निर्माण में उत्तराखण्ड के सभी वर्गो के लोगों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका रही है। राज्य निर्माण आन्दोलन के दौरान उन्होंने उत्तराखण्ड आन्दोलन को तन, मन, धन से पल्लवित और पोषित करने का काम किया है। उत्तराखण्ड राज्य निर्माण आन्दोलन के दौरान देशभर में जहां भी यहां के निवासी रहते हैं उन्होंने अपनी आवाज बुलंद की थी इसलिए उत्तराखण्ड निर्माण में उनके योगदान को भी नहीं भुलाया जा सकता है। गणेश गोदियाल ने कहा कि राज्य निर्माण के बाद प्रथम निर्वाचित कांग्रेस पार्टी की सरकार ने मुख्यमंत्री पण्डित नारायण दत्त तिवारी जी के नेतृत्व में राज्य में विभागों का ढांचा तैयार कर विकास की बुनियाद डाली तथा 900 करोड़ की वार्षिक योजना का आकार बढ़ाकर 5000 करोड़ तक पहुंचाया। राज्य में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित कर राज्य के बेरोजगार नवयुवकों के लिए रोजगार सृजन करने का काम किया। कांग्रेस शासन में टिहरी बांध, मनेरी भाली, धौली गंगा जल विद्युत परियोजनाओं का काम पूरा कर राज्य को विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में आत्म निर्भर करने का काम किया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
आर. एन. आई. नं. 2417/57
डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27
E-Mail: dainikchingari@gmail.com



सभी देशवासियों व जनपदवासियों को गोवर्धन पूजा व भैयादूज की

राजवीर सिंह


पत्रकार, सांध्य दैनिक चिंगारी
मो. 9758105778 ग्राम कांठपुर

हार्दिक शुभकामनाएं

समाचार व विज्ञापन देने के लिये संपर्क करें



R.R. PUBLIC SCHOOL



SEOHARA ROAD NOORPUR, DISTT BIJNOR U.P. - 246734
01345-297171, +91-9758986895, +91-9719307807 Follow us :

सभी क्षेत्रवासियों व जनपदवासियों को

दीपावली, गंगा स्नान

एवं **श्री गुरु नानक देव जी** के **557वें प्रकाश पर्व**

की लख-लख बधाई एवं
हार्दिक शुभकामनाएं

यह दीपावली आप सभी के जीवन में
सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली लेकर आए।
हम सब में आपसी भाईचारा, प्यार और एकता बनी रहे।



निवेदक -

अनवर हुसैन

जिला पंचायत सदस्य व अध्यक्ष निर्माण समिति (बिजनौर)





समाजित न्याय ॥ समानता ॥ सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय
अपनी जनता पार्टी
सामाजिक परिवर्तन के लिए एकजुट हों
माननीय
स्वामी प्रसाद मौर्य जी
राष्ट्रीय अध्यक्ष
अपनी जनता पार्टी
अपनी जनता पार्टी
चुनाव चिन्ह
ऑटो रिक्शा
आप सभी को
दीपावली
की हार्दिक
शुभकामनाएं
मॉ लक्ष्मी की कृपा से आपके जीवन में सुख, समृद्धि, शांति और खुशहाली आए।
इसी शुभकामना के साथ आप सभी के जीवन में प्रकाश, प्रेम और प्रगति का दीप सदैव जलता रहे।
डॉ. हुकम सिंह सैनी
जिलाध्यक्ष बिजनौर (A.J.P)
एवं प्रभारी बढ़ापुर 19
दीपावली का यह पावन पर्व आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई उम्मीद और नई दिशा लेकर आए।
शुभ दीपावली

सभी को सुख-समृद्धि एवं सौभाग्य के महापर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा और भैया दूज की हार्दिक शुभकामनाएं
अनीता देवी सभासद वार्ड नं 2
मोहल्ला फतेहनगर, शेरकोट

सुखबीर सिंह
प्रोफेशनल कोरियर
निकट पुलिस चौकी, शेरकोट

रोशनी के पर्व दीपावली, गोवर्धन पूजा व भैयादूज की सभी नगीना विधानसभा क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं

रोशन लाल (समाजसेवी)
पूर्व उप श्रम आयुक्त,
18 सुरक्षित, विधानसभा क्षेत्र, नगीना

सभी देशवासियों को
दीपावली, गोवर्धन, भैयादूज
व गंगा स्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं
Mohit Petrochemicals Pvt. Ltd.
Dev Rubber Factory Pvt. Ltd.
Devgreen Infratech Pvt. Ltd.
9th Km. Stone, Nagina Road, Bijnor (U.P.) 246701
लघु उद्योग भारती
लघु उद्योग की सेवा में समर्पित अखिल भारतीय संगठन
कुलदीप जैन जिलाध्यक्ष